**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 130 लखनऊ, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन से देशभर में शोक की लहर

नई दिल्ली एजेंसी।

वयोवृद्ध कांग्रेस नेता और देश के 14वें प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का 92 साल की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है। कांग्रेस पार्टी ने अपने तमाम कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। सांस लेने में तकलीफ के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। उनकी गंभीर सेहत को देखते हुए कांग्रेस आलाकमान और कई शीर्ष नेता अस्पताल पहुंचे हैं।

डॉ मनमोहन सिंह का निधन 92 साल की आयु में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) में निधन हो गया। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हुआ। देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार का लगातार दो बार नेतृत्व किया। 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे डॉ मनमोहन सिंह रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रहे। उनके निधन से देशभर में शोक की लहर है। कांग्रेस पार्टी ने अपने तमाम कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पीएम मनमोहन सिंह के निधन की पुष्टि दिल्ली कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर की गई। इसके अलावा कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया।

पीएम मोदी ने भी पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा– भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक, डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक व्यक्त करता है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

प्रधानमंत्री ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहने के दौरान अपने कार्यकाल को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सीएम रहने के दौरान उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह से लगातार कई मुद्दों पर बातचीत की। गवर्नेंस के मुद्दे पर उनसे कई बातें हुईं।

गुरुवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी। उन्हें रात 8:06 बजे एम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका। रात 9:51 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 29
(MEDIA CELL)

DATE: 26/12/2024

PRESS RELEASE

With profound grief, we inform the demise of Former Prime Minister of India, Dr. Manmohan Singh, aged 92. He was being treated for age-related medical conditions and had sudden loss of consciousness at home on 26th December 2024. Resuscitative measures were started immediately at home. He was brought to the Medical Emergency at AIIMS, New Delhi at 8:06 PM. Despite all efforts, he could not be revived and was declared dead at 9:51 PM.

Rima Dada 26/12/24
Dr. Rima Dada
Professor In-Charge
Media Cell



## नोटिस लिखने वाले ने जंग लगे चाकू का किया इस्तेमाल... विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर जगदीप धनखड़ का तंज

एजेंसी।

नइ दिल्ली एक कार्यक्रम में जगदीप धनखड़ ने कहा कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस देखिए। विपक्ष पर तंज भरे लहजे में उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर जी ने कहा था, सब्जी काटने के चाकू से बाईपास सर्जरी कभी मत करना.. वो तो सब्जी काटने का चाकू भी नहीं था। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को उनके खिलाफ खारिज किए गए श्अविश्वासश प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष ने सब्जी काटने वाले चाकू से बाईपास सर्जरी करने की कोशिश की।



उन्होंने कहा कि किसी भी संवैधानिक स्थिति को उदात्तता, उत्कृष्ट गुणों और संवैधानिकता के प्रति प्रतिबद्धता द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए। हम हिसाब बराबर करने की स्थिति में नहीं हैं। एक कार्यक्रम में जगदीप धनखड़ ने कहा कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस देखिए। विपक्ष पर तंज भरे लहजे में उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर जी ने कहा था, सब्जी काटने के चाकू से बाईपास सर्जरी कभी मत करना.. वो तो सब्जी काटने का चाकू भी नहीं था। मेरा नोटिस जिसने लिखा उसके चाकू पे जंग लगा हुआ था! मैं पढ़कर दंग रह गया। पर मुझे आश्चर्य हुआ की आपमें से किसी ने पढ़ा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि खबर वो है जिसको कोई छिपाना चाहता है।धनखड़ ने कहा कि आप आखिरी उम्मीद हैं क्योंकि लोकतंत्र की सफलता के लिए दो चीजें अपरिहार्य हैं। पहला है अभिव्यक्ति का अधिकार। यदि अभिव्यक्ति योग्य है, समझौता किया गया है या जबरदस्ती के अधीन है, तो यह लोकतांत्रिक विकास के विपरीत है। दूसरा है संवाद। इसका मतलब यह है कि अपने स्वरयंत्रों का उपयोग करने से पहले, आपको अपने कानों को दूसरे दृष्टिकोण का मनोरंजन करने की अनुमति देनी होगी। यदि ये दोनों चीजें नहीं होंगी तो लोकतंत्र न तो पोषित हो सकता है और न ही पुष्पित–पल्लवित हो सकता है। उपराष्ट्रपति ने सवाल करते हुए कहा कि क्या आपने पिछले कुछ दशकों में संसद में कोई बड़ी बहस देखी है? क्या आपने सदन में किये गये किसी महान योगदान पर ध्यान दिया है? हम गलत वजह से खबरों में हैं। हमने व्यवस्था के साथ जीना सीख लिया है, जो कि अव्यवस्था ही है। हालाँकि, जवाबदेही मीडिया द्वारा लागू की जानी चाहिए क्योंकि बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुँचने के लिए मीडिया ही एकमात्र माध्यम है। मीडिया लोगों के साथ जुड़ाव स्थापित कर सकता है और जन प्रतिनिधियों पर दबाव बना सकता है, जहां हमें लोकतंत्र के इन मंदिरों की पवित्रता का सम्मान करने की आवश्यकता है।

## जयपुर हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15 हुई, 18 गंभीर हालत में अभी भी

एजेंसी

जयपुर में गैस टैंकर हादसे में शामिल चालक जयवीर को पुलिस के सामने पेश हुआ। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) जयवीर से पूछताछ करेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला जयवीर हादसे के समय टक्कर से होने वाले नुकसान को भांपते हुए समय रहते ही गैस टैंकर से निकल गया था। एलपीजी से भरे टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिससे टैंकर के नोजल टूट गए और उनसे गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव से लगी भीषण आग ने आसपास के 35 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।जयपुर में एलपीजी टैंकर विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, जबकि दो और लोगों ने मंगलवार को सवाई मान सिंह (एसएमएस) अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसएमएस अस्पताल के प्लास्टिक सर्जन डॉ. राकेश जैन ने कहा कि मरने वालों की संख्या अब 15 हो गई है। दो मृतकों की पहचान एटा (उत्तर प्रदेश) के नरेश बाबू और नूंह (हरियाणा) के यूसुफ के रूप में हुई है।जयपुर में गैस टैंकर हादसे में शामिल चालक जयवीर को पुलिस के सामने पेश हुआ। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) जयवीर से पूछताछ करेगा। उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला जयवीर हादसे के समय टक्कर से होने वाले नुकसान को भांपते हुए समय रहते ही गैस टैंकर से निकल गया था। एलपीजी से भरे टैंकर को एक ट्रक ने टक्कर मारी थी, जिससे टैंकर के नोजल टूट गए और उनसे गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव से लगी भीषण आग ने आसपास के 35 से अधिक वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया।

## कांग्रेस के विरोध का देवेन्द्र फडणवीस ने बताया ड्रामा, संसद का समय बर्बाद करने का लगाया आरोप

एजेंसीं

महाराष्ट। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनके विरोध को श्नाटकश बताते हुए कांग्रेस पार्टी की तीखी आलोचना की है। यह विरोध डॉ. बी आर अंबेडकर के बारे में शाह की टिप्पणियों को लेकर था। फडणवीस ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को संसद का समय बर्बाद करने और शाह की टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस बात को रेखांकित किया कि गांधी परिवार ने लगातार अंबेडकर का विरोध किया। पत्रकारों से बात करते हुए, फडणवीस ने अपना रुख दोहराते हुए कांग्रेस के देशव्यापी विरोध को महज नाटकबाजी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पहले गृह मंत्री अमित शाह




के बयान को संपादित करने और उस पर राजनीति करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने संसद सत्र को खराब कर दिया। इसके साथ ही फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में अपने भाषण के दौरान जिस तरह से कांग्रेस की पोल खोली, कैसे नेहरू से लेकर इंदिरा, राजीव से लेकर सोनिया तक कांग्रेस ने लगातार संविधान का अपमान किया। भाजपा नेता ने कहा कि यह सब उजागर होने के बाद कांग्रेस हताश है कि कैसे नेहरू जी से लेकर राहुल गांधी तक कांग्रेस नेताओं ने लगातार संविधान का अपमान किया है और आरक्षण को नकारा है और हताशा में वह इस तरह की हरकत कर रही है। यह वही कांग्रेस है जिसने लगातार बाबा साहब का अपमान किया। उत्तार प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास देश में दलितों और वंचितों का अपमान करने का रहा है, कांग्रेस का इतिहास तुष्टीकरण के आधार पर दलितों और वंचितों को उनके अधिकारों से पूरी तरह रोकने की चेष्टा का हिस्सा रहा है। तुष्टीकरण के आधार पर देश को विभाजन की कगार पर पहुंचाने का काम कांग्रेस ने किया। जवाहर लाल नेहरू नहीं चाहते थे कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर संविधान सभा का हिस्सा बनें।

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं होना संविधान का उल्लंघन नहीं

एजेंसी

मणिपुर इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, बसंत कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने हमेशा संविधान और मणिपुर विधानसभा के अनिवार्य प्रावधानों को लागू करने के लिए पूर्ण प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद



174 के अनुसार विधानसभा की हर साल कम से कम दो बैठकें होनी चाहिए और दोनों सत्रों के बीच छह महीने का अंतर नहीं होना चाहिए। मंत्री ने आगे स्पष्ट किया कि मणिपुर विधानसभा के अनुच्छेद 17ए के तहत, सदन को संविधान के अनुच्छेद 174 के अधीन, सालाना तीन सत्र आयोजित करने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि चूंकि मणिपुर विधानसभा के नियम और प्रक्रियाएं संविधान के अनुच्छेद 174 के अधीन हैं, इसलिए इसे विधानसभा के अनुच्छेद 17ए पर प्राथमिकता दी जाती है। इसलिए, राज्य सरकार ने दो विधानसभा सत्र आयोजित किए, जो संविधान का उल्लंघन नहीं है।

## ठश्रच के लिए बुरे सपने से कम नहीं हैं दिल्ली की ये 11 विधानसभा सीटें, मतदाताओं ने कभी नहीं खिलाया कमल

दिल्ली फतह की तैयारी में जुटी भारतीय जनता पार्टी की राह में विधानसभा की 11 सीटें रोड़ा बनी हुई हैं। 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली की इन 11 सीटों पर पार्टी अब तक खाता तक नहीं खोल पाई है। 11 में से 5 सीटें तो दलित बहुल है। इन सीटों की वजह से ही 2013 में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी होकर भी सत्ता से दूर हो गई थी। बीजेपी दिल्ली की सत्ता में 2013 में सिर्फ 4 सीटों की वजह से नहीं आ पाई थी। ऐसे माहौल में राजधानी दिल्ली की 11 सीटें पार्टी के लिए काफी अहम हैं। जिसमें 4 सीट मुस्लिम बहुल और दो सीट सामान्य कैटेगरी की है। 1. ओखला– मुस्लिम बहुल ओखला सीट पर भी बीजेपी कभी नहीं जीत पाई है। ओखला साउथ–ईस्ट दिल्ली की विधानसभा सीट है। 1993 में यहां भी विधानसभा का पहला चुनाव कराया गया था। ओखला सीट पर जनता दल, कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और आम आदमी पार्टी को जीत मिल चुकी है। बीजेपी 2015 और 2020 में यहां दूसरे नंबर रही थी।2. अंबेडकर नगर– दलितों के लिए रिजर्व अंबेडकर नगर सीट पर भी बीजेपी अब तक खाता नहीं खोल पाई है। अंबेडकर नगर सीट भी 1993 में अस्तित्व में आई थी। कांग्रेस 2013 तक इस सीट से जीत हासिल करती रही। 2013, 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी को यहां जीत मिली। विधानसभा के हर चुनाव में बीजेपी यहां पर दूसरे नंबर पर रहती है।3. बल्लीमारन– मशहूर शायर




मिर्जा गालिब से जुड़ी बल्लीमारन की सीट भी बीजेपी के लिए चुनौतीपूर्ण ही रही है। इस सीट पर भी बीजेपी अब तक जीत नहीं पाई है। 1993 से अब तक यहां या तो कांग्रेस या आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। बल्लीमारन की सीट मुस्लिम बहुल है।4. मटिया महल– सेंट्रल दिल्ली की मटिया महल सीट पर भी बीजेपी अब तक चुनाव नहीं जीत पाई है। मटिया महल भी मुस्लिम बहुल सीट है। 1993 से लेकर अब तक इस सीट पर आम आदमी पार्टी, जनता दल सेक्युलर, जनता दल यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी ने ही जीत हासिल की है।5. सुल्तानपुर माजरा– नॉर्थ–वेस्ट दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट दलितों के लिए आरक्षित है। विधानसभा की इस सीट पर भी बीजेपी अब तक जीत नहीं दर्ज कर पाई है। 1993 में पहली बार यहां चुनाव कराए गए थे। 2013 तक यहां कांग्रेस और 2015 से 2020 तक आप ने जीत दर्ज की।6. मंगोलपुरी– नॉर्थ–वेस्ट दिल्ली की मंगोलपुरी सीट भी दलितों के लिए रिजर्व सीट है। यहां भी बीजेपी का खाता अब तक नहीं खुला है। 1993 से 2008 तक यहां कांग्रेस और 2013 से 2020 तक आप ने जीत दर्ज की।7. सीलमपुर– नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली की सीलमपुर सीट मुस्लिम बहुल है। 1993 में इस सीट पर पहली बार विधानसभा के चुनाव कराए गए थे। तब से अब तक यहां बीजेपी जीत नहीं पाई है। सीलमपुर में एक बार जनता दल, एक बार निर्दलीय, 3 बार कांग्रेस और 2 बार आम आदमी पार्टी को जीत मिली है। दिलचस्प बात है कि जीत यहां किसी को भी मिले, लेकिन दूसरे नंबर पर हर बार बीजेपी ही रहती है।8. कोंडली– पूर्वी दिल्ली की यह सीट दलित समुदाय के लिए रिजर्व है। 2008 में यहां पर पहली बार चुनाव कराए गए थे। तब से अब तक यहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ही जीतती रही है।

## अबदरपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को खलेगी बिधूड़ी की कमी

एजेंसीं

अगले साल होने जा रहे विधानसभा चुनावों में दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र की बदरपुर विधानसभा सीट पर पहली बार ऐसा होगा कि यहां भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी चुनावी मैदान में नहीं होंगे। इस सीट के अस्तित्व में आने के बाद से बिधूड़ी और आप के राम सिंह नेताजी के बीच ही मुकाबला रहा है। बदरपुर में हुए कुल सात चुनावों में से रामवीर सिंह बिधूड़ी ने चार और रामसिंह नेताजी ने दो बार जीत का स्वाद चखा है। इस बार बुहुत मुकाबला दिलचस्प होने जा रहा है। आप ने बदरपुर से रामसिंह नेताजी को प्रत्याशी बनाया है। यहां से विधायक रहे बिधूड़ी के दक्षिणी दिल्ली सीट से सांसद बनने के बाद भाजपा को मजबूत प्रत्याशी की दरकार होगी। साल 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में दक्षिणी दिल्ली की 10 से नौ सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जीते थे। भाजपा के खाते में



बदरपुर सीट आई थी। यहां से रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आप के रामसिंह नेता जी को हराकर बाजी मारी थी। इस बार परिस्थितियां अलग हो गई हैं। आप ने फिर से रामसिंह नेताजी पर भरोसा जताया है। ऐसे में भाजपा को मजबूत प्रत्याशी को चुनावी मैदान में उतारना होगा। 1993 में हुए पहले चुनाव में बदरपुर विधानसभा सीट पर रामवीर सिंह बिधूड़ी ने जनता दल के प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की थी। उस समय दूसरे नंबर पर रामसिंह नेताजी रहे थे। वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। भाजपा के प्रत्याशी लज्जा राम तीसरे नंबर पर रहे थे। अगले चुनाव में निर्दलीय जीते थे रामसिंह नेताजीबदरपुर सीट पर 1998 में हुए दूसरे चुनाव में रामसिंह नेताजी ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर जीत दर्ज की थी। उन्हें 45.50 फीसदी वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर रामवीर सिंह बिधूड़ी रहे थे। तब वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे। भाजपा के सूरजभान तीसरे नंबर पर रहे थे।2013 में पहली बार भाजपा का खाता खुला इस सीट पर पहले तीन चुनाव में तीसरे नंबर पर रहने वाली भाजपा का खाता पहली बार 2013 में खुला। भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रामसिंह नेताजी को हराया था।

## जेडयू ने बढ़ा दी केजरीवाल की मुश्किलें, बताया मौकापरस्त

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि जदयू आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ गठबंधन में लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल का पूर्वांचल के लोगों के प्रति प्रेम बढ़ता जा रहा है। असल में वह पाखंडी और अवसरवादी हैं।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली में मुश्किलें बढ़ा दी है। पूर्वांचली वोट को लेकर हो रही लड़ाई के बीच जदयू ने साफ कह दिया है कि वह भाजपा के साथ मिलकर दिल्ली में चुनाव लड़ेगी। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि जदयू आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव एनडीए के साथ गठबंधन में लड़ेगी।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# समाजवादी पार्टी का पीडीए चर्चा कार्यक्रम संविधान को बचाने और बाबा साहेब के विचारों को जन–जन तक पहुँचाने की दिशा में कदम

लखनऊ,(आरएनएस ) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अखिलेश यादव जी के निर्देशानुसार, आगामी 26 दिसम्बर 2024 से 25 जनवरी 2025 तक जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान को बचाना और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को जन–जन तक पहुँचाना है।इन पीडीए चर्चा कार्यक्रमों में पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी और फ्रंटल के पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान, मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा और सामाजिक न्याय, आरक्षण, बेरोजगारी, महंगाई, जातीय जनगणना तथा स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, पीडीए समाज को उनके अधिकारों और भागीदारी के बारे में अवगत कराकर उन्हें एकजुट करने का प्रयास किया जाएगा।समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम खासकर उन लोगों को एकजुट करने के उद्देश्य से किया जा रहा है जिन्हें शोषण, वंचना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का अपमान करने के बाद, पार्टी ने उनके विचारों को जन–जन तक पहुँचाने की योजना बनाई है। बाबा साहेब ने भारतीय संविधान तैयार कर शोषणात्मक और प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई, जिसके कारण वे सदैव विरोधियों के निशाने पर रहे।बाबा साहेब ने अपने सिद्धांतों के माध्यम से समाज में समानता की ओर कदम बढ़ाया और संविधान के माध्यम से पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और पीड़ित समाज को अधिकार प्रदान किया। इस संविधान ने सामंती सोच और परंपरागत सत्ता को चुनौती दी और समाज के 90 प्रतिशत वंचित वर्ग को आरक्षण के माध्यम से समान अधिकार दिलवाए। इस बदलाव से समाज में आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की भावना जागृत हुई।समाजवादी पार्टी ने पीडीए समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया है और इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। गत लोकसभा चुनाव में 2024 में पार्टी ने 37 सीटों पर विजय प्राप्त की और देश में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनने में सफलता हासिल की। हालांकि, इस सफलता से सामंती शाही प्रवृत्तियों के लोग परेशान हो गए हैं और उन्होंने बाबा साहेब के विचारों का अपमान करने की साजिश रची है।

पार्टी इस साजिश को नाकाम करने और पीडीए समाज को जागरूक करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम से यह स्पष्ट है कि पार्टी बाबा साहेब के विचारों को फैलाकर पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और पीड़ित समाज के अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

# अखिलेश यादव ने कन्नौज की ठठिया आलू मंडी में किसानों से मुलाकात कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना

लखनऊ (आरएनएस )रू समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बीती रात सैफई से लखनऊ लौटते समय कन्नौज स्थित विशिष्ट आलू मंडी ठठिया पहुंचे। जहां उन्होंने आलू किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों से मुलाकात की और उन्हें समाजवादी सरकार द्वारा इस मंडी के निर्माण के पीछे की योजना और उद्देश्य के बारे में बताया।अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने आलू किसानों के लाभ के लिए ठठिया आलू मंडी का निर्माण किया था, लेकिन भाजपा की डबल सरकार में इसकी पहचान खो चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मंडी आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे के किनारे किसानों की सुविधा और बेहतर कीमत दिलाने के लिए बनाई गई थी, परंतु भाजपा सरकार ने इसे ठीक से संचालित नहीं होने दिया।उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा, ष्अभी लोकसभा चुनाव में भाजपा का थोड़ा इलाज हुआ है, लेकिन असली इलाज 2027 में होगा जब जनता भाजपा को सत्ता से हटा देगी।ष श्री यादव ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि किसानों को लाभ तभी मिलेगा जब मंडियों में सुधार किया जाएगा और उन्हें उचित मूल्य मिलेगा। उन्होंने समाजवादी सरकार में उमर्दा में टमाटर, शिमला मिर्च और अन्य बीजों के लिए इजरायल के साथ रिसर्च इंस्टीट्यूट बनाने का भी जिक्र किया और कहा कि वर्तमान सरकार ने इस पहल को रोक दिया। अखिलेश यादव ने किसानों से कहा कि वे अपने बच्चों को शिक्षा दिलवाएं, क्योंकि बिना शिक्षा के खुशहाली संभव नहीं है। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा किसानों और युवाओं के खिलाफ है, और उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही है। उन्होंने भाजपा द्वारा छुट्टा जानवरों की समस्या और किसानों की आय को दोगुना करने के वादे का भी विरोध किया।उन्होंने किसानों को विश्वास दिलाया कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर किसानों की मदद की जाएगी और उन्हें लाभकारी मूल्य दिलवाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

साथ ही, उन्होंने समाजवादी सरकार की उपलब्धियों जैसे लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे की भी सराहना की, जो भाजपा के आलोचनाओं के बावजूद आज सरकार को कमाई करवा रही है।अखिलेश यादव ने भाजपा को सावधान करते हुए कहा कि वे उद्योगपतियों को मुनाफा देने के पक्ष में हैं, न कि किसानों को लाभ देने के।

# महाकुम्भ–2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन विभाग करेगा विशेष इंतजाम – मंत्री दयाशंकर सिंह

लखनऊरू(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नव्व दयाशंकर सिंह ने महाकुम्भ–2025 में श्रद्धालुओं के आगमन के लिए परिवहन विभाग की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ–2025 में लगभग 48 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, और इस दौरान परिवहन विभाग की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाएगी।मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ में श्रद्धालुओं को सुविधाजनक, सुगम और सुव्यवस्थित यात्रा मुहैया कराने के लिए विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने विभागीय प्रदर्शनीध स्टॉल लगाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को परिवहन विभाग की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके तहत स्टॉल के ले–आउट, एलईडी स्क्रीन, सिमुलेटर, और पंपलेट आदि की व्यवस्था की जाएगी।दयाशंकर सिंह ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न स्कूलों और संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि नुक्कड़ नाटक और अन्य सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें। इसके अतिरिक्त, महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को पाकेट कैलेण्डर वितरित किए जाएंगे, और सड़क सुरक्षा से संबंधित आडियो और वीडियो सार्टफिल्म प्रदर्शित की जाएगी।परिवहन मंत्री ने सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात नियमों का प्रचार–प्रसार करने के लिए एलईडी स्क्रीनयुक्त पब्लिसिटी वैन भेजने की योजना बनाई है। साथ ही, मुख्य स्नान के दिन और एक दिन पूर्व तथा एक दिन बाद विभिन्न टोल प्लाजाओं पर राउण्ड द क्लॉक ड्यूटी करने के लिए प्रवर्तन अधिकारियों को तैनात किया जाएगा।मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि जिला प्रशासन से संपर्क कर प्रत्येक जनपद में अस्थायी बस अड्डे बनाए जाएं, और बस स्टैंड के पास रोड सेफ्टी से संबंधित ब्रांडिंग की जाए। इसके अलावा, 2019 के बाद पंजीकृत कांट्रैक्ट कैरिज बसों का ही संचालन किया जाएगा, और बस स्टेशन के आसपास परिवहन विभाग की ब्रांडिंग की जाएगी।साथ ही, मंत्री ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए मोबाइल टॉयलेट, पेयजल, हेल्पडेस्क काउंटर, और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आटोध्टैक्सीध बस यूनियन के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के लिए भी कहा, ताकि वे निर्धारित वर्दी पहन सकें और यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं से मृदु व्यवहार करें।इसके अलावा, मंत्री ने सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए ड्रंक–ड्राइविंग की रैन्डम चेकिंग और चालक के नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन कराने का भी निर्देश दिया।

## लखनऊ में आयोजित हुई 24वीं डा0 शकुन्तला मिश्रा स्मारक राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता-2024

लखनऊ(आरएनएस ), 25 नवम्बर 2024रू डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ में 24वीं डा0 शकुन्तला मिश्रा स्मारक राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता–2024 का पुरस्कार वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता श्री शरद मल्होत्रा और 2024 के इंडियन आईडल विजेता श्री वैभव गुप्त कार्यक्रम की शुरुआत दृष्टिबाधित छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों में दृष्टिबाधित छात्रों ने नृत्य और गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा, मूक बधिर छात्राओं ने सांकेतिक भाषा में नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधित छात्रों के म्यूजिकल बैंड ष्सोलफेलष ने भी अपनी प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि श्री शरद मल्होत्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, ष्यह अनुभव अद्भुत था। इन खिलाड़ियों और कलाकारों को देखकर मुझे यह एहसास हुआ कि सच में ये लोग ही असली हीरो हैं।ष उन्होंने सभी प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत और संघर्ष की सराहना की।प्रतियोगिता में विजेता टीम हरियाणा और उपविजेता टीम उत्तर प्रदेश को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, सभी मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार भी वितरित किए गए।संस्थान के अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद श्री सतीश चन्द्र मिश्र ने अपने 40 साल के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि उनकी मां स्व0 डा0 शकुन्तला मिश्रा ने उन्हें दिव्यांगजनों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया

## अलीगंज खाली मकान में चोरी का प्रयास, पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

लखनऊ(आरएनएस )। थाना अलीगंज क्षेत्र में चोरी का एक बड़ा प्रयास पुलिस की सतर्कता और तकनीक के उपयोग से विफल हो गया। वादी साहिल भारती ने पुलिस को सूचना दी कि उनके बुआ के बेटे भारती सोनकर, जो बैंक कर्मचारी हैं और सेक्टर सी एस अलीगंज हाउसिंग स्कीम, नवीन गल्ला मंडी के पास निवास करते थे, जून 2024 में अपने परिवार के साथ बैंगलोर स्थानांतरित हो गए थे। मकान 28 नवंबर से खाली पड़ा था।4 दिसंबर की देर रात करीब 3रू00 बजे, भारती सोनकर के मोबाइल पर उनके लखनऊ स्थित मकान में लगे कैमरे से अलार्म बजा। जब उन्होंने कैमरे की लाइव फीड देखी, तो पाया कि पांच अज्ञात व्यक्ति मकान की बाउंड्री में प्रवेश कर चुके थे और ताला तोड़ चुके थे। उन्होंने कैमरे के स्पीकर के जरिए चोरों को चेतावनी दी कि पुलिस आ रही है, जिसके बाद सभी चोर मौके से भाग गए।वादी द्वारा सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मकान को सुरक्षित किया और ताला लगाकर सुरक्षा प्रदान की। थाना अलीगंज में मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस ने कहा कि दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## लखनऊ नवागंतुक पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल को दक्षिणी क्षेत्र की जिम्मेदारी

लखनऊ(आरएनएस )। लखनऊ पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत नवागंतुक पुलिस उपायुक्त निपुण अग्रवाल को दक्षिणी क्षेत्र का प्रभार सौंपा गया है। वे इससे पहले लखनऊ में पुलिस उपायुक्त के पद पर कार्यरत थे। 24 दिसंबर 2024 को निपुन अग्रवाल ने लखनऊ में आगमन किया, जिसके बाद उन्हें पुलिस उपायुक्त, दक्षिणी क्षेत्र के पद पर स्थानांतरित किया गया। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे जल्द ही अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करें।यह फेरबदल लखनऊ पुलिस को और अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने इस बदलाव से कानून व्यवस्था में और सुधार की उम्मीद जताई है।

## भा.ज.पा. के संविधान विरोधी रवैये पर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप, समाजवादी पार्टी संविधान की रक्षा में संकल्पित

लखनऊ(आरएनएस ),समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान को बदलने की साजिश करने का आरोप लगाया। यादव ने कहा कि भाजपा और उनके सहयोगी संगठनों की मंशा बाबा साहब के संविधान को बदलने की है, जिसे समाजवादी पार्टी कभी भी होने नहीं देगी।लखनऊ में समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि भाजपा बाबा साहब और उनके संविधान का सम्मान नहीं करती है और इसका विरोध कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा जितनी ताकतवर होगी, संविधान पर उतना बड़ा हमला करेगी। यादव ने भाजपा सरकार की तानाशाही की आलोचना की और कहा कि किसान, नौजवान और व्यापारी भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान हैं।

किसानों की मांगों को अनसुना किया जा रहा है, रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे, महंगाई बढ़ रही है, और विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमे लगाए जा रहे हैं।उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से भाजपा के झूठे प्रचार का जवाब देने और बाबा साहब के संविधान की रक्षा करने के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। साथ ही, उन्होंने 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को सक्रिय रूप से जुटने का आह्वान किया।

# आम आदमी पार्टी ने गृहमंत्री अमित शाह की बाबा साहब पर की गई टिप्पणी की निंदा की

लखनऊ(आरएनएस ) उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी (आप) के बौद्ध प्रांत अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी की कड़ी निंदा की। प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में इमरान लतीफ ने कहा कि गृहमंत्री ने न सिर्फ शब्दों के जरिए बल्कि अपने लहजे से भी संविधान रचयिता बाबा साहब का अपमान किया है, जिसे देश की अमनपसंद आबादी किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं कर सकती है।इमरान लतीफ ने कहा, ष्बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के संविधान और लोकतंत्र की आत्मा हैं। देश का बच्चा–बच्चा बाबा साहब का अनुयाई है और अमित शाह की टिप्पणी के खिलाफ देशभर में आक्रोश है। जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा नहीं लेते, तब तक विरोध का सिलसिला नहीं थमेगा।ष उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब से प्रेम करने वाला पूरा देश आज नहीं तो कल भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) को झुकने पर मजबूर करेगा और गृहमंत्री को इस्तीफा देना पड़ेगा।इमरान लतीफ ने भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आर.एस.एस. ने बाबा साहब के जीवनकाल में ही उनके द्वारा रचित संविधान का विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भा.ज.पा. ने सत्ता में आने के बाद लगातार बाबा साहब के संविधान को कमजोर करने की कोशिश की है। उनकी टिप्पणी से यह साफ जाहिर होता है कि भाजपा और आरएसएस बाबा साहब और उनके संविधान से घृणा करते हैं।आम आदमी पार्टी की नीतियों का हवाला देते हुए इमरान लतीफ ने कहा, ष्आम आदमी पार्टी सच्चे अर्थों में बाबा साहब की अनुयाई है, जिसे सरकार में रहते हुए अपने कार्यों से सिद्ध किया है। दिल्ली सरकार ने सरकारी स्कूलों और अस्पतालों को बेहतर करके, निःशुल्क बिजली, पानी, दवाई और पढ़ाई की व्यवस्था की। आम आदमी पार्टी ने शोषित, वंचित और गरीब तबकों को राहत देने का काम किया है और बाबा साहब के सपनों को साकार करने की दिशा में काम किया है।ष्उन्होंने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने श्जय भीम योजनाश के तहत दलित छात्रों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था की है, जिससे वे उच्च शिक्षा में भागीदार बन सकें। इसके अलावा, पार्टी विदेश में पढ़ाई के लिए भी दलित छात्रों का सहयोग कर रही है, जिससे यह साबित होता है कि आम आदमी पार्टी बाबा साहब की सच्ची अनुयाई है।

## लखनऊ में क्रिसमस डे पर रहेगा यातायात डायवर्जन

लखनऊ(आरएनएस ),क्रिसमस डे 2024 के अवसर पर, 25 दिसंबर को शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। दिनभर, सुभाषध्परिवर्तन चौक चौराहा से हजरतगंज चौराहा की ओर सामान्य यातायात की अनुमति नहीं होगी। यातायात को अशोक लाट, कैसरबाग, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा, चिरैयाझील, सिकंदरबाग, और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज से होकर अपने गंतव्य तक भेजा जाएगा।इसके अलावा, केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहा से हिन्दी संस्थान की ओर यातायात नहीं जा सकेगा। इस मार्ग पर यातायात को स्टेट बैंक तिराहा, चिरैयाझील, सहारागंज, सिकंदरबाग, और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज के रास्ते गंतव्य तक भेजा जाएगा। हिन्दी संस्थान से मेफेयर और मेफेयर तिराहा से अल्का तिराहे की ओर भी यातायात डायवर्ट किया जाएगा।वहीं, बैंक ऑफ इंडिया तिराहाध्लीला टॉकीज तिराहा से अल्का तिराहा या कैथेड्रल स्कूल की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी। यह यातायात नवल किशोर रोड और लॉरेंस टेरेस कॉलोनी से होकर गंतव्य तक जाएगा। इसके साथ ही, डनलप तिराहा से बैंक ऑफ इंडिया तिराहा या अल्का तिराहा की ओर भी यातायात नहीं जा सकेगा, और यातायात सप्रू मार्ग या सहारागंज होकर अपने गंतव्य को जाएगा।हजरतगंज चौराहा से अल्का तिराहा या मेफेयर की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी और यह यातायात सिकंदरबाग या कैपिटल तिराहा से होकर गंतव्य तक पहुंचेगा। इसके अलावा, मेफेयर तिराहा से अल्का तिराहाध्बैंक ऑफ इंडिया तिराहा और शाहनजफ रोड मजार चौराहा के बीच वाहनों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।यातायात पुलिस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित डायवर्जन व्यवस्था का पालन करें और अपने यात्रा के दौरान अतिरिक्त समय का ध्यान रखें।

## महाकुंभ में 7 लेयर में होगी सुरक्षा- डीजीपी

प्रयागराज। डीजीपी प्रशांत कुमार ने महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर समीक्षा के बाद सोमवार को पत्रकारों से कहा कि हम महाकुंभ आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कहीं किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसके लिए 7 लेयर में सुरक्षा व्यवस्था तैयार की है। उन्होंने कहा कि 45 दिनों में करीब 40 से 50 करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे। छह तिथियां महत्वपूर्ण हैं, जिनमें 3 शाही स्नान के दिन हैं। पहली तिथि पौष पूर्णिमा 13 जनवरी की है। दूसरी मकर संक्रांति 14 जनवरी को शाही स्नान, तीसरा मौनी अमावस्या का शाही स्नान 29 जनवरी को होगा। अंतिम शाही स्नान बसंत पंचमी के दिन 3 फरवरी को होगा। उसके बाद माघी पूर्णिमा 12 फरवरी और महाशिवरात्रि 26 फरवरी के साथ महाकुंभ का समापन होगा। डीजीपी ने कहा कि इतने कम दिनों में करोड़ों लोगों का आवागमन हो रहा है, इसके लिए अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था तैयार की गई है। कुंभ के लिए हमने डिजिटल वॉरियर बनाए हैं। कॉलेज के स्टूडेंट को डिजिटल वॉरियर बनाया गया है। भारत सरकार के विभागों की मदद से पूरे साइबर स्पेस पर हमारी नजर है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ की सुरक्षा के लिए करीब 200 करोड़ रुपए के उपकरण खरीदे गए हैं। पर्याप्त मैन पावर के साथ ही सीसीटीवी, टेथर्ड ड्रोन और एंटी ड्रोन सिस्टम लगाए गए हैं।

# एनकाउंटर स्पेशलिस्ट डा. अजय पाल शर्मा प्रयागराज के बने अतिरिक्ति पुलिस आयुक्त

प्रयागराज। यूपी पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में विख्यात आईपीएस डॉ. अजय पाल शर्मा को प्रयागराज कमिश्नरेट में प्रभारी अतिरिक्त पुलिस आयुक्त बनाया गया है। रविवार को डीजी कानून– व्यवस्था एवं कार्मिक अमिताभ यश ने आदेश जारी किया। इससे पहले डॉ. अजय जौनपुर में बतौर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। संभावना है कि वह बुधवार तक पदभार ग्रहण कर लेंगे।पंजाब के लुधियाना में जन्मे वर्ष 2011 बैच के आईपीएस अफसर डॉ. अजय पाल शर्मा को उनकी तेजतर्रार कार्यशैली और अपराधियों के खिलाफ बिना रुके अभियान चलाने के लिए सिंघम, दबंग और दी रियल कमांडर के उपनाम से जाना जाता है। वह डायल–112 के एसपी का चार्ज संभालने के अलावा सहारनपुर, गाजियाबाद, हाथरस और नोएडा जैसे जिलों में तैनात रह चुके हैं। जौनपुर में अपने लगभग 20 महीने के कार्यकाल में 70 से अधिक एनकाउंटर किए हैं। जिसमें तीन बेहद खूंखार बदमाशों का सफाया किया गया। बता दें कि उनके भाई अमित पाल शर्मा प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत हैं। रविवार को यूपी पुलिस विभाग में 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए हैं।

## लखनऊ मुठभेड़ में एक अभियुक्त मारा गया, भारी मात्रा में बरामद की गईं वस्तुएं

लखनऊ(आरएनएस ),सोमवार देर रात थाना चिनहट क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में एक अभियुक्त मारा गया। मृत अभियुक्त सोविन्द कुमार बिन्द, 25 वर्षीय, निवासी पुरुषोत्तमपुर चारगांव, थाना असरगंज, जिला मुंगेर, बिहार का नाम सामने आया है। मुठभेड़ में शामिल अन्य वांछित अभियुक्तों में मिथुन कुमार और विपिन कुमार वर्मा शामिल हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है।इस मुठभेड़ के दौरान पुलिस को एक देशी तमंचा, जिन्दा खोखा कारतूस और भारी मात्रा में आभूषण, सिक्के, रत्न और नकद रुपये बरामद हुए। अभियुक्त के पास से कुल 50 कंगन, 67 अंगूठी, 57 चेन, 45 डोरी सहित हार, 3 सोने के सिक्के, 2 लाकेट और 876 ग्राम नाक–कान के आभूषण बरामद हुए।

## शादी समारोह में भिड़े दो प्रोफेसर, मारपीट

प्रयागराज। प्रयागराज के मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में शनिवार रात एक समारोह में दो प्रोफेसरों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। देखते ही देखत मामला इतना तूल पकड़ लिया कि उनके बीच मारपीट होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी प्रकार दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद एक पक्ष की तरफ से शिवकुटी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एमएनएनआईटी परिसर में प्रोफेसर पीके दत्ता के यहां शादी समारोह का आयोजन था। इसमें संस्थान के सभी प्रोफेसर और कर्मचारी शामिल हुए थे। आरोप है कि शादी समारोह में शामिल होने के बाद संस्थान के एक शिक्षक डा. प्रमोद कुमार यादव और डा. सिराज आलम गेस्ट हाउस के गेट के बाहर खड़े थे।उसी समय प्रो. अवनीश कुमार दुबे और उनका बेटा मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बात गाली गलौच और मारपीट तक पहुंच गई। हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद अन्य लोगों ने किसी प्रकार उनको शांत कराया। मारपीट में कुछ लोग घायल हो गए।

# सभी व्यापारी बंधुओ को साथ साथ रहने की है जरूरत–रविकांत गर्ग

प्रयागराज। आज भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की बैठक आगामी 29 दिसंबर को प्रयागराज मे होने वाले प्रांतीय सम्मलेन के लिए महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें विशेष अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया की आगामी होने वाले प्रांतीय सम्मलेन में व्यापारियों का आगमन होगा। साथी व्यापारी का वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन भी करेंगे। व्यापारियों हित के लिए व्यापारी निधि आयोग, व्यापारी पेंशन योजना, जीएसटी में कुछ सुधारों के लिए भी मांग की जाएगी। इस प्रान्तीय अधिवेशन में प्रदेश भर के प्रमुख व्यापारी नेता उपस्थित रहेंगे।बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष टीटू गुप्ता, महामंत्री संदीप अग्रवाल, महामंत्री पियूष पांडे, विकास वैश्य, मेजर नविन शिखर सिंह, एडवोकेट मनोज बाजपेई, अमित अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## लखनऊ बैंक चोरी के शातिर अपराधी मुठभेड़ में ढेर, बड़ी बरामदगी

लखनऊ,(आरएनएस ) पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना चिनहट क्षेत्र में 23 दिसंबर की रात किसान पथ स्थित जलसेतु तिराहे पर पुलिस और शातिर अपराधी सोविन्द कुमार बिंद के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान सोविन्द कुमार बिंद, जो 25 हजार रुपये का इनामी था, घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।सोविन्द कुमार बिंद इंडियन ओवरसीज बैंक, मटियारी में 42 लॉकर तोड़कर कीमती ज्वैलरी और नगदी चोरी करने की घटना में शामिल था। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त के पास से चोरी की गई बड़ी मात्रा में सोने–चांदी की ज्वैलरी, नगदी, और एक अवैध देसी पिस्टल समेत खोखा कारतूस बरामद किया।

# समरसता के विषय को परिवार से शुरुवात करने की आवश्यक – अनिल

प्रयागराज। आज शंख संस्था द्वारा ष्सामाजिक समरसतारू भारतीय परिप्रेक्ष्यष विषय पर गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में सामाजिक चिंतक अनुभव चक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य स्थाई अधिवक्ता विजय शंकर मिश्र ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कीर्तिका अग्रवाल एवं डॉ. संतोष सिंह की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में भारतीय समाज को एकात्मकता के सूत्र में पिरोकर समरस बनाने पर सार्थक चर्चा–परिचर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन विश्वास नारायण तिवारी ने किया। मुख्य वक्ता अनिल ने कहा कि समरसता केवल भाषण का विषय नहीं है, बल्कि इसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। भारत को एकात्मकता के सूत्र में बांधे रखने के लिए हमारे पूर्वजों द्वारा बनाई गई व्यवस्थाओं को पुनः आत्मसात करना होगा। आज कुछ राजनीतिक दल जातीय विद्वेष फैलाकर राजनैतिक लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं जिससे आदर्श विमर्श से हम दूर होते जा रहे हैं। विशिष्ट वक्ता अभिनव चक ने कहा कि शंख द्वारा ऐसे विषयों को उठाने का निरंतर प्रयास सराहनीय है। आज केवल समरसता पर चिंतन करने की नहीं, बल्कि प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता है।

# फार्मेसी संकाय में मनाया गया साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी जागरूकता सप्ताह

सुल्तानपुर!(आरएनएस ) जनपद के कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फार्मेसी संकाय ) में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किया गए ष्साइबर सेफ्टी एवं सिक्योरिटी जागरूकता सप्ताह अभियानष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको १६—२५ दिसंबर २०२४ तक एक सप्ताह इस कार्यक्रम को संस्थान में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे संस्थान में कार्यक्रम की शुरुआत फार्मेसी संकाय के निदेशक प्रो. डॉ महेश प्रसाद एवं मुख्य अतिथि राजेश साहू के द्वारा किया गया उसके साथ ही उन्होंने सभी को समाज में हो रहे साइबर क्राइम के प्रति जागरूक रहने को बताया साथ में हो रहे साइबर अटैक जिससे लोगों के पर्सनल डाटा, पैसे की हेरा फेरी, ब्लैकमेलिंग कैसे स्कैम के प्रति सभी को जागरूक होने को बताया। मुख्य अतिथि राजेश साहू ने सभी को साइबर अपराधियो कि पहचान और सेफ्टी के लिए क्या कदम उठाने की जरूरत की चीज को प्रेजेन्टेशन के द्वारा सभी को जागरूक किया । साथ में संस्थान स्तर पर छात्रध् छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक द्वारा जागरूकता अभियान किया गया । कार्यक्रम के अंत दिन में सभी शिक्षक, छात्रध् छात्रों को क्विज कार्यक्रम मे शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन में संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) महेश प्रसाद ने सभी छात्र एवं छात्राओं को इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम को समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया जिससे कि लोग इस अपराध से बच सके और डिजिटल सुविधाओं का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

# जंगल में किशोर के साथ किया अप्राकृतिक दुष्कर्म, गिरफ्तार

कुड़वार सुल्तानपुर (आरएनएस )। गांव के बाहर सुअर चरा रहे किशोर को बहला फुसलाकर बगल के गांव निवासी ने अप्राकृतिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे डाला। घटना की जानकारी होने पर किशोर के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर लिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 11 वर्षीय किशोर गांव के बाहर सुअर चराने गया था। तभी बगल के गांव सरैया पूरे बिसेन निवासी राज बहादुर पुत्र राम आसरे ने किशोर को बहला फुसलाकर जंगल में ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म कर डाला। घटना की जानकारी होने पर किशोर के बड़े भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को बहमरपुर नहर की पुलिया के पास से गिरफतार कर लिया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक के साथ दीवान रामकुमार यादव, आरक्षी राहुल यादव व अभिषेक कुमार पासवान शामिल रहे।प्रभारी निरीक्षक चंद्र भान वर्मा ने बताया कि गिरफतार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।




# धूमधाम से मनाया गयाभारत रत्न, धर्मनिरपेक्षता की प्रतिमूर्ति पं0 महामना, मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस



साहिबाबाद 25 दिसंबर 2024 को लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, स्वरुप पार्क जी0 टी0 रोड साहिबाबाद के प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी, कानूनविद, शिक्षाविद, भारत रत्न, ध र्मनिरपेक्षता की प्रतिमूर्ति पं0 महामना, मदन मोहन मालवीय का जन्म दिवस समारोह समाजवादी विचारक राम दुलार यादव शिक्षाविद के नेतृत्व में उल्लासपूर्वक धूमधाम से मनाया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता लालचंद माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन सिंह ने, मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डा0 विशन लाल गौड़, आयोजन इंजी0 ध ीरेन्द्र यादव ने, सञ्चालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया, कार्यक्रम में शामिल विद्वानों, गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माला पहना स्मरण किया, तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेकर उनके विचार को जन—जन में पहुँचाने का संकल्प लिया, कार्यक्रम को चन्द्रबली मौर्य, एच0 एल0 विद्यार्थी, पं0 विनोद त्रिपाठी ने भी संबोधित किया, हुकुम सिंह ने देश—प्रेम के गीत और राजेन्द्र सिंह ने भजन प्रस्तुत किया, महामना के सम्मान में जोरदार नारे लगाये गयेद्य

इस अवसर पर प्रभु ईशु के सन्देश करुँणा, त्याग, बलिदान को स्मरण करते हुए क्रिसमस की हार्दिक बधाई दी गयीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि महामना का मतलब बड़े मन वाला, उत्तम नैतिक चरित्र, सादगी, सरलता, ईमानदारी की प्रतिमूर्ति पंडित मदन मोहन मालवीय ने राष्ट्र निर्माण और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा ही महत्वपूर्ण कार्य किया, लेकिन आज मालवीय जी के विचार के अनुरूप शिक्षा का स्तर नहीं है, पंडित मदन मोहन मालवीय का कहना था कि "शील चरित्र, समाज, शिक्षा की गंध हमें प्रभावित करती है, और किसी भी गंध से मै प्रभावित नहीं होता"द्य आज शिक्षा का स्तर गर्हित अवस्था में है, यहाँ शिक्षा का बड़ा ढांचा होने के बाद भी हम पूर्ण रूप से शिक्षा नहीं दे पा रहे है, केवल नौकरी प्राप्त करने का साधन शिक्षा नहीं है, बल्कि देश और समाज निर्माण का कार्य शिक्षा करती है, हमें आज उस विश्वविद्यालय के निर्माण की आवश्यकता है जिसमे नवजवानों को नैतिक, कौशलपूर्ण, सद्भाव युक्त, समाज और देश के निर्माण में उनकी भूमिका क्या हो वैसी शिक्षा मिलनी चाहिएद्य

लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापकध्अध्यक्ष राम दुलार यादव ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने हमेशा देश में धर्मनिरपेक्षता का वातावरण रहे प्रयागराज में हिन्दू—मुस्लिम एकता के लिए सम्मेलन आयोजित कर देश में सद्भाव, भाईचारा और प्रेम से मिलकर राष्ट्र निर्माण में लगे रहने का मार्ग प्रशस्त कियाद्य आज स्थिति बदली हुई है, यहाँ आज झूठ, लूट, निर्लज्जतापूर्वक आचरण करने में हम कोई संकोच नहीं कर रहे, बेशर्मी की हद हो गयी है, पंडित मदन मोहन मालवीय से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए, ईमानदारी, नैतिक आचरण से हमें राष्ट्र निर्माण में लगना चाहिए, तभी समाज और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होगा।

डा0 विशन लाल गौड़ ने मालवीय जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय कथाकार के बेटे थे, विपिन्न परिवार में पैदा हुए अपनी मेहनत, लगन, ईमानदारी से वे महामना विशेषण से विभूषित हुए, उनका मानना था कि देश और विश्व का निर्माण और क्रान्तिकारी कार्य मेहनतकश मजदूर, किसान और आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोगों के बेटों ने किया है, मालवीय जी ने शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया, वह सराहनीय है, आज कितना ही अन्याय, अत्याचार हो रहा हो हम सवाल करना सत्ता से भूल गये है, हमें निर्भीकता पूर्वक समस्याओं के निदान के लिए सवाल करना चाहिए, उन्होंने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष को आशीर्वाद दिया, तथा उनके वक्तव्य की सराहना की, तथा मालवीय जी के कथन को उद्धृत करते हुए कहा कि —

"मर जाऊं भागूँ नहीं, अपने हित के काजद्य परमारथ के कारज, हमें न आवै लाज"द्यद्य

प्रधानाचार्य अमन सिंह ने कहा कि महामना मदन मोहन मालवीय ने जिस संस्था की स्थापना "काशी हिन्दू विश्व विद्यालय" की की थी, उनका उद्देश्य नैतिक मूल्यों की स्थापना और ईमानदारी से समाज, देश और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना था, लेकिन आज शिक्षा का स्तर गिरा हुआ है, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे पा रहे है, हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों को अच्छे संस्कार दें, तभी हम मालवीय जी के जन्म दिन मनाने के अधिकारी होंगे,उन्होंने सभागार में शामिल सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन कियाद्य

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शामिल रहे, राम दुलार यादव, डा0 विशन लाल गौड़, अमन सिंह, वीरेन्द्र यादव एडवोकेट, सी0 पी0 सिंह, विनोद त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह, हुकुम सिंह, ब्रह्म प्रकाश, एस0 एन0 जायसवाल, सम्राट सिंह, मुनीव यादव, बालकरन यादव, अमर बहादुर, अखिलेश कुमार शुक्ल, देवकर्ण सिंह चौहान, चन्द्रबली मौर्य, ओम प्रकाश अरोड़ा, सतीश कुमार अग्रवाल, एच0 एल0 विद्यार्थी, अनिल मिश्र, सूरेश कुमार भारद्वाज, प्रेम चन्द पटेल, शिवम् पाण्डेय, हरिकृष्ण, विकास कुमार, अंशु ठाकुर, जग्गू यादव, गुड्डू यादव, नितेश माथुर, राम प्यारे यादव आदि ने पुष्पांजलि दी।

# बजली कटौती को लेकर कटका क्लब ने सुल्तानपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



सुल्तानपुर(आरएनएस )। सुल्तानपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में असमय विद्युत कटौती से विद्यार्थियों के अध्ययन में उत्पन्न हो रही बाधा के कारण सुल्तानपुर एस डी एम सदर विपिन द्विवेदी को ज्ञापन कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा सौंपा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने किया। इस मौके पर उपस्थित संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने बताया कि हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के दिन निकट हैं। छात्र परीक्षा की तैयारी में लगे हुए हैं। दिसम्बर अर्थात सर्दी के महीने में घर के कमरों में सुबह सात बजे के बाद ही पढ़ने—लिखने के लिए विद्यार्थियों को प्रर्याप्त प्राकृतिक प्रकाश मिल पाता है। विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह पांच बजे के आस—पास बिजली काट दी जा रही है। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । इस मौके महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नफीसा खातून ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के इस पीक टाइम में बिजली कट जाने के बाद विद्यार्थियों कों अध यन में बड़ी असुविधा हो रही है। सर्दी के दिनों में सुबह पांच बजे कमरे और कमरे के बाहर अंधेरा रहता है। छः बजे के बाद कमरे बाहर कुछ प्रकाश संभव होता है। सर्दी के महीने में सुबह कमरे के बाहर बैठ कर पढ़ने से विद्यार्थियों को ठंड लग सकती है जिससे वे बीमार भी पड़ध सकते हैं। वहीं राष्ट्रीय सर्व समाज आर्मी के प्रदेश प्रभारी सरफराज ने कहा कि विद्युत विभाग को सुबह पांच बजे से सात बजे तक विद्युत कटौती रोकने के लिए निर्देशित करें नहीं तो संस्था जल्द आन्दोलन करेगी । ज्ञापन देने में गुल फूल बेगम, बृजेन्द्र मिश्र, मोनू यादव, रवि तिवारी, सूफियान, समीर, अमर यादव उपस्थित रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत

जयसिंहपुर सुल्तानपुर (आरएनएस)। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के दोस्तपुर थाना अंतर्गत बनी अलहादादपुर गांव में सोमवार को बड़ा हादसा हुआ। यहां लाइट ठीक करते समय एक लाइनमैन करंट लगने से खम्भे पर ही चिपक गया। वो काफी देर तक पोल पर ही झूलता रहा।जिससे स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरु करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुस्तफाबाद कला गांव का निवासी है प्राइवेट लाइनमैन।सोमवार दोपहर दोस्तपुर क्षेत्र के मुस्तफाबाद कला गांव निवासी प्राइवेट लाइनमैन इंद्र विश्वकर्मा (38) वर्ष विद्युत पोल पर चढ़कर लाइट सही कर रहा था। इसी बीच अचानक हाईटेंशन विद्युत की चपेट में आकर वह पोल पर झुलस कर लटक गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। और घटना को देखकर सभी अचंभित हो गए। बड़ी मशक्कत कर लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसे नीचे उतारा और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए। इससे पहले युवक इंद्र की मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस व बिजली विभाग ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में तहसीलदार मयंक मिश्र कहना है कि मौके पर पहुंचकर जांच व बिजली विभाग के सम्बंधि ात से वार्ता के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# सी.एम.एस. में अ टोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का प्रदर्शन

लखनऊ, 26 दिसम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में आज ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेशन (एईडी) मशीन का उद्घाटन व प्रदर्शन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ के कार्डियोलाजी विभाग के हेड प्रो. आदित्य कपूर ने एईडी मशीन का शुभारम्भ किया एवं इसके उद्देश्य, उपयोग व परिचालन सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्रदान की। एईडी मशीन का प्रदर्शन करते हुए डा. कपूर ने कहा कि एईडी मशीन हृदयाघात के मरीजों के लिए रामबाण है। कार्डिएक अरेस्ट उम्र का भेदभाव किये बिना कभी भी किसी को भी हो सकता है, इस अवसर पर डा कपूर ने सी.एम.एस. छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं को सी.पी.आर. यानि कार्डियो पलमोनेरी रेससिटेशन का सही तरीका भी समझाया।



इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने डा. आदित्य कपूर व उपस्थित जन—समुदाय का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर प्रो. किंगडन ने कहा कि हृदयाघात वर्तमान दौर की एक कठोर सच्चाई है और ऐसे मौकों पर एक मिनट की देरी भी जानलेवा साबित हो सकती है। 'सडन कार्डिएक अरेस्ट' की स्थिति में जरूरी उपायों के लिहाज से सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों में एईडी मशीन लगाने का निर्णय लिया है। । सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. सदैव अपने छात्रों, शिक्षकों व कार्यकर्ताओं के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति बेहद संवेदनशील है। एईडी मशीन का स्थापित किया जाना भी इसी की एक कड़ी है। प्रध ानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने छात्रों व शिक्षकों के आकस्मिक उपचार हेतु विद्यालय में एईडी मशीन लगाये जाने हेतु सी.एम.एस. प्रबन्धन का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# अवैध शराब बनाने वाले दो अभियुक्त हुए गिरफ्तार

सुल्तानपुर(आरएनएस )। क्रिसमस पर्व पर आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी, सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध या प्रभार के निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी, उपजिलाधिकारी कादीपुर उत्तमकुमार के पर्यवेक्षण में पुलिस व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 2 डॉ गिरिराज सिंह, संजय मिश्रा व डॉ संजय उपाध्याय द्वारा क्षेत्र 2 कादीपुर के जंगलिया महमूदपुर, कादीपुर खुर्द में दबिश दी गई। आबकारी टीम द्वारा 30 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदी की की गई और लगभग 200 किलो लहन बरामद कर नष्ट किया गया तथा उत्तर प्रदेश आबकारी एक्ट की सुसंगत धाराओं में 2 लोगों पर अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया। इसके पश्चात आबकारी दुकानों के आसपास के परचून की दुकानों की सघन चेकिंग की गई किसी भी स्थान से किसी भी प्रकार के अवैध मादक पदार्थों की बरामदी नहीं हुई। इसके पश्चात् क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विदेशी मदिरा, देसी मदिरा तथा बियर की आबकारी दुकानों की सघन चेकिंग की गई। टीम द्वारा दुकानों पर नियमानुसार टेस्ट परचेज भी कराया गया। दुकान पर पाई गई अनियमितता पर नियमानुसार कार्रवाई की गयी। विक्रेताओं को पोस मशीन से ही बिक्री करने के निर्देश दिए गए। आबकारी टीम में प्रध ाान आबकारी सिपाही सूर्यकांत, विकास सिंह आबकारी सिपाही, सूबेदार कुमार, विजय सरोज आदि शामिल रहे।

# सड़क दुघर्टना में घायल साथी के लिए पत्रकारों ने दिखाई एकजुटता

सुल्तानपुर(आरएनएस )। सड़क दुघर्टना में घायल एक निजी चैनल के जिला संवाददाता के इलाज के लिए जिले के सभी पत्रकारों ने एकजुटता दिखाते हुए सिर में गंभीर चोट का इलाज के लिए बढ़—चढ़कर आर्थिक सहयोग किया। जिससे घायल पत्रकार का इलाज संभव हो सका है। बीते दिनों पत्रकार बृजेश श्रीवास्तव उर्फ बंटू सड़क दुघर्टना में घायल हो गये थे। जिसके चलते उनके ब्रेन तथा सिर में गहरी चोट लग गई थी।

# भ्रष्टाचार के चलते सप्तसागर समाप्त, अब प्रशासन को तालाब बचाने की चिन्ता

अयोध्या(आरएनएस)। रामनगरी अयोधय में भ्रष्टाचार के चलते पौराणिक सप्तसागर समाप्त हो गया और अब प्रशासन व सरकार को तालाब बचाने की चिन्ता जाग्रत हुई है। पौराणिक महत्व वाले सप्तसागर पर बनी कालोनी में निर्मित हो रहे भवन को अवैध बताकर उपजिलाधिकारी सदर व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुल्डोजर से ढहा दिया गया जबकि भवन बनवाने वाले संतोष कुमार गुप्ता व उनकी पत्नी मनीषा गुप्ता ने सरकारी अमले से बार बार अनुरोध किया कि मैंने सन् 2018 में इस प्लाट को अयोध्या प्रसाद से खरीदा है इसकी रजिस्ट्री होकर खारिज दाखिल हुई है और अयोध्या फैजाबाद विकास प्राधिकरण ने भवन मानचित्र स्वीकृ त किया है जिसके लिए तीन लाख रूपये मैने जमा किये हैं सारी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही मैने भवन बनवाना शुरू किया है अभी 17 दिसम्बर को मैने छत डलवाई है। जिला प्रशासन ने पहले क्यों नही रोका? बिना पूर्व सूचना दिये अचानक मेरा नवनिर्मित भवन बुल्डोजर लगाकर गिरवाना शुरू कर दिया गया यह योगी सरकार के अधिकारियों का कैसा न्याय है? यदि अधिकारी कहते हैं कि यह तालाब की जमीन है तो जमीन की रजिस्ट्री व दाखिल खारिज होने,भवन मानचित्र स्वीकृत करने में रोक क्यों नही लगाई गयी? भवन निर्माता की यह दलील महत्व रखती है कि आखिर सारे कार्य निर्विघ्न रूप से कैसे हो गये? अब प्रशासन क्यों जागा? उपजिलाधि ाकारी सदर विकास दुबे का कहना है कि सप्तसागर में जो मकान ध्वस्त किया गया है वह गाटा संख्या 69 में है, जो राजस्व अभिलेखों में तालाब दर्ज है। तालाब में मकान बनवाना अवैध है इसलिए इसे ढहाया गया है? फिलहाल सप्तसागर कालोनी में सैकड़ों भवन पिछले दस साल में बन चुके हैं, जिन्हें विकास प्राधि ाकरण ने बनने दिया इसमें अधिकांश गेस्ट हॉउस व रेस्टोरेंट हैं। यहां शासन ने सीवर लाइन, विद्युत लाइन, नाली—नाले, सड़कें आदि बनवाया है। सप्त सागर विशाल क्षेत्र में फैला पौराणिक महत्ववाला तालाब था लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से कुछ भूमाफियों ने इसकी पटाई कराकर प्लाटिंग करके सारी जमीन बिक्री कर दी,लोगों ने प्लाट खरीदकर आलीशान इमारतें बनवा लीं। सप्तसागर को बचाने व उसके सौन्दर्यीकरण के लिए स्थानीय नागरिकों ने सन् 2000 से देकर सन् 2010 तक शासन— प्रशासन से सप्तसागर विकास समिति के बैनर तले संघंर्ष किया लेकिन उसमें सफलता नहीं मिली और भ्रष्टाचार के चलते सप्तसागर समाप्त हो गया। अब प्रशासन व सरकार को तालाब बचाने की चिन्ता जाग्रत हुई है ।

# राम द्वार की भूमि पर हुआ अवैध निर्माण -सवालों के घेरे में तहसील प्रशासन

सोहावल—अयोध्या(आरएनएस )। राष्ट्रीय राजमार्ग 27 लखनऊ अयोध्या मार्ग पर फिरोजपुर के सामने बनने वाले राम द्वार के लिए प्रस्तावित भूमि के एक गाटा में हो रहे अवैध निर्माण से तहसील सोहावल का राजस्व प्रशासन सवालों के घेरे में है। इसके विरुद्ध हुई शिकायत पर उप—जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर निर्माण को रुकवा दिया और पैमाइश के बाद आरोपी पर कार्रवाई की बात 10 दिन पहले कही थी। लेकिन 12 दिन बाद भी स्थल की न पैमाईश हो सकी न ही निर्माण हटाया जा सका। सोमवार को इस मामले को लेकर तहसील के राजस्व कर्मियों की एक बैठक होने की खबर है। शिकायतकर्ता और स्थानीय ग्रामीण राजस्व विभाग पर आरोपियों से मिली भगत का आरोप लगा बड़ा खेल होने की आशंका व्यक्त कर रहे है। राम मंदिर परिक्षेत्र के पश्चिमी सीमा वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना से लगे प्रस्तावित भूमि पर हुए निर्माण और निर्माण पर अब तक कोई कार्रवाई न होने से राम मंदिर समर्थकों में खासी नाराजगी और आक्रोश नजर आ रहा है। उप—जिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी ने कहा कि राम द्वार के लिए प्रस्तावित गाटा संख्या 13 में कुछ अंश एक महिला के नाम सह खातेदार के रूप में दर्ज है। भूमि अधिग्रहण की अभी प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरा होने के बाद कार्रवाई तय होगी। मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है।

# जबरन कब्जेदारी को लेकर तहसील में की शिकायत

सोहावल— अयोध्या(आरएनएस )। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत परानापुर में गाटा संख्या 104 पर राजस्व विभाग के निशान देही के बावजूद भी ग्रामीण नहीं छोड़ रहे हैं। कब्जा तहसील दिवस में शिकायती पत्र देते हुए ग्रामीण राम बक्श गोस्वामी, शिव लाल, रामबरन,,व सुनील कुमार ने कहा कि राजस्व विभाग मौके का मौका मुआइना कर सरहद स्पष्ट कर दिया है। जबकि राम किशोर,संतोष,राज कुमार उस पर कब्जा जमाए बैठे हुए है। प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा ने बताया कि गाटा संख्या 104, पर 38 ईयर नवीन परती है। जिस पर आर आर सी सेंटर बनना है। कब्जेदारी न हटने पर सेंटर का निर्माण होना अधर में लटका पड़ा है। हल्का लेखपाल श्रीयांश श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने नवीन परती गाटा संख्या 108 का सरहद स्पष्ट कर दिया है ।

# नहर में कूदे माँ और बेटा, पुत्र लापता

सोहावल—अयोध्या(आरएनएस )। रौनाही थाना अंतर्गत सोमवार को दोपहर बाद भिटौरा गांव के एक किशोर ने शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। पीछे दौड़कर बचाने आई माँ ने भी नहर में छलांग लगाई।आस पास से दौड़े ग्रामीणों ने किसी तरह मां को तो बचा लिया लेकिन बेटा पानी में बह गया। जिसकी मौके पर पहुंची पुलिस ने गौताखोरों की मदद से तलाश में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि सुभाष गुप्ता के 8 वर्षीय पुत्र ने माँ से नाराज होकर शारदा सहायक नहर में छलांग लगाई। उसे बचाने के लिए मां रुचि गुप्ता ने नहर में कूद कर बहुत प्रयास किया लेकिन बचा ना सकी। आसपास से दौड़े ग्रामीणों ने मां को तो सुरक्षित निकाल लिया। लेकिन बेटा गौरव गुप्ता की तलाश अभी कराई जा रही है।

# गांव राष्ट्र की रीढ़, बिना इसके राष्ट्र का विकास सम्भव नहीं रू बी.पी. मिश्र

अयोध्या।(आरएनएस ) पूर्व जिलाधिकारी बी.पी. मिश्र की अध यक्षता व वर्तमान जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की उपस्थिति में सुशासन सप्ताह—प्रशासन गांव की ओर की कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को गांव की ओर केंद्रित करते हुए विकास करना है इस कार्यशाला को सफल बनाने के लिए पूर्व जिलाधिकारी बी.पी. सिंह के प्रशासनिक अनुभवों को साझा करते हुए कुशल प्रशासन करने में योगदान प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने इस कार्यशाला के लिए पूर्व जिलाधिकारी को समय प्रदान करने के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यशाला के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी के द्वारा सन 2047 तक प्रस्तावित अयोध्या के विकास के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जिला पंचायती राज अधिकारी के द्वारा जिलाधिकारी के नेतृत्व में अगस्त 2024 से प्रारम्भ ग्राम समाधान दिवस—प्रशासन गांव की ओर अभियान के बारे में जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी ने ग्राम समाधान दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि ग्राम समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को जनपद की 160 ग्राम पंचायतों में रोस्टर के अनुसार नोडल अधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित की जाती है जिसमें नोडल अधिकारी के साथ साथ वहां का ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में होती है।

# संपादकीय

## वाइट-कालर कर्मियों की आम समस्या

निजी क्षेत्र के कर्मचारियों की बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है। महाराष्ट्र और कर्नाटक की सरकारें ऑफिस कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए सख्त नियमों और उन पर अमल के निरीक्षण की तैयारी में हैं। यह कदम अर्न्स्ट एंड यंग (ईवाई) की एक युवा कर्मचारी की मौत के बाद उठाया जा रहा है। तब उस मौत का कारण काम का अत्यधिक दबाव बताया था। भारत में वाइट–कॉलर यानी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सुरक्षा के नियम लगभग ना के बराबर हैं। उदारीकरण के दौर में, जब कंपनियों ने मुनाफा बढ़ाने के लिए कॉस्ट कटिंग की पॉलिसी अपना ही है, तब कम कर्मचारियों से अधिक काम लेना आम चलन बन गया है। जो कर्मचारी इसमें पिछड़ते हैं, उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाती है। अनियमित घंटों तक काम और मनमानी बर्खास्तगी आज वाइट–कॉलर कर्मियों की आम समस्या है। इसका बहुत खराब असर खासकर युवा कर्मियों पर पड़ा है। ईवाई कर्मचारी की मौत के बाद ये सारे मुद्दे बहुचर्चित हुए थे। उसका प्रभाव सरकारों पर पड़ा है। कर्नाटक में अधिकारियों ने निजी कंपनियों में ऑफिस में कामकाज की स्थिति की जांच शुरू की है। महाराष्ट्र में भी एक ऐसा प्रस्ताव विचाराधीन है। बताया गया है कि प्रस्तावित नियम कंपनियों में नियुक्ति और बर्खास्तगी की प्रक्रियाओं की विनियमित नियंत्रित करेगा। इसमें सभी कॉरपोरेट कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। उनमें मैनेजर स्तर स्टाफ भी शामिल होंगे। कर्नाटक के अधिकारियों का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों की अत्यधिक काम की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। यह तथ्य है कि भारत में युवा आत्म–हत्या के मामले बढ़े हैं। किशोरों और युवाओं के बीच मृत्यु का चौथा सबसे प्रमुख कारण कामकाज का बढ़ा दबाव है। बेशक ये आंकड़े भारत में मानसिक स्वास्थ्य और युवाओं में बढ़ते तनाव का संकेत हैं। बहरहाल, अहम सवाल है कि क्या कानून या विनियम लागू करने से ऐसी समस्याओं का समाधान हो सकता है? वाइट कॉलर हों या ब्लू कॉलर कर्मी, उनकी बढ़ती गई समस्याओं की जड़ में आज का आर्थिक ढांचा है। दुनिया भर में श्रमिक वर्ग इस ढांचे का ऐसा ही प्रभाव देखने को मिला है। इसलिए विनियमन स्वागतयोग्य है, इससे कुछ लाभ होगा, मगर यह पर्याप्त नहीं है।

## केबल चोरी के तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया

पिछले वर्ष से चोरों ने अपनी आजीविका का नया फार्मूला ईजाद कर लिया है। बेरोजगारी में चोरों ने दिल्ली की लाइफलाइन को अपना रोजगार बना लिया है। चोरों को इससे यह चिंता नहीं हुई कि मेट्रो से सफर करने वालों को तकलीफ झेलनी पड़ेगी।

सारे दिल्ली के ऑफिसों में काम करने वाले लोग अपनी रोजी–रोटी के लिए सुबह काम पर जाते वक्त जगह–जगह जाम झेल रहे थे, कारण था मेट्रो के केबल चोरों ने रात में ही उन केबलों को काट दिया था जिनसे मेट्रो अपना रास्ता तय करती है। इस कारण वे अपने ऑफिस समय पर नहीं पहुंच सके। इतना ही नहीं, जिन्हें बाहर जाना था–उनकी ट्रेनें और फ्लाइटें भी मिस हुई।

इस काम के लिए फिलहाल मेट्रो की ब्ल्यू लाइन पर लगातार धावा बोला गया। हालांकि बहुत समय बाद पुलिस को सफलता मिली है। इन केबल चोरों को पकडने और इन घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। बीते दिनों मेट्रो ट्रैक पर केबल चोरी होने से केबल और चोरी में इस्तेमाल गाडियों को पुलिस ने बरामद कर दिया है। यह काम बहुत समय बाद हुआ है। इससे पूर्व चोरों ने मेट्रो लाइन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। पता चला कि कीर्ति नगर और मोती नगर मेट्रो स्टेशन के बीच सिग्नलिंग केबल चोरी होने की सूचना मिली थी।

पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और डीएमआरसी अधिनियम की धारा 74 के तहत मामला दर्ज किया था। इस वारदात में शामिल गिरोह के 11 में से चार 4 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई 55 मीटर लंबी केबल, टाटा एस लोडर वाहन और दो मोबाइल फोन बरामद किए थे। घटना स्थल से पता चला कि वहां पर 140 मीटर लंबी केबल काटी गई थी। यह केबल मेट्रो ट्रेनों की लोकेशन का पता लगाने और ट्रैक सर्किट को डेटा भेजने के लिए उपयोग की जाती है। मेट्रो के परिचालन के लिए उपयोग में होने वाले इस केबल की कीमत लाखों में होती है। इसी कारण चोरों को इसको प्राप्त करने से काफी मुनाफा होता है।

वर्ष 2020–22 के दौरान केबल चोरी होने के बहुत सारी घटनाएं हुई हैं। 2020 में 54 मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2021 में 57 और 2022 में 63 मामले सामने आए थे। इन मामलों में चोरों तक पहुंचने में पुलिस मुस्तैद नहीं दिखी थी। इस कारण चोरों के हौसले बुलंदी पर थे। मेट्रो केबल तांबे से बने होते हैं, यह काफी महंगी धातु है, बहुत सारे उद्योगों में तांबे की भारी मांग है, इसलिए इसको बेचने में आसानी है। इन केबलों का नेटवर्क मेट्रो स्टेशनों और ट्रेनों के बीच बिछाया जाता है। यह जटिल नेटवर्क होता है। विशेषकर रात के समय या फिर जहां पर सुरक्षा कम हो, वहां पर इसका इस्तेमाल किया जाता है। यह केबल मेट्रो रेल सिस्टम की जीवनरेखा होता है। यह मोटी इंसुलेटेड तार होती है, जो मेट्रो ट्रेनों की बिजली, संचार और नियंत्रण संकेत प्रदान करती है। केबल की चोरी होने पर मेट्रो सिस्टम की तीन मुख्य पण्रालियां–पावर, संचार और सिग्नल–ठप हो जाती हैं। मेट्रो के संचालन के लिए इन तीनों का सुचारु रूप से काम करना जरूरी है। डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार केबल चोरी आम तौर पर रात साढ़े बारह बजे से सुबह चार बजे के बीच होती है। इस समय मेट्रो सेवाएं बंद होती हैं।

चोर सेवा बंद होने के बाद रात में वियाडक्ट में घुसते हैं। वे केबल काटते हैं, और उसे नीचे अपने साथियों के पास फेंक देते हैं। फिर भाग जाते हैं। यह मेट्रो स्टोनों पर नहीं, बल्कि वियाडक्ट पर होता है। अधिकारी के अनुसार केबलों पर स्टील की परत होती है, लेकिन उनमें ज्यादातर तांबा होता है। यह चोरों के लिए कीमती होता है। चोर पटरियों तक अपनी पहुंच समूह में काम करके बनाते हैं। रस्सियों का इस्तेमाल करके मेट्रो की पटरियों तक पहुंचते हैं। कभी–कभी वे अपने साथियों की मदद से या पेड़ की शाखाओं का इस्तेमाल करके पटरियों पर चढ़ते हैं। पटरियों पर चढने के बाद कीमती केबल काट लेते हैं। केबल काटने के बाद पटरियों पर मौजूद व्यक्ति उसे जमीन पर अपने साथियों के पास फेंक देता है। साथी तुरत–फुरत में केबल उठा लेते हैं, और उसे पास की झाडियों में छिपा देते हैं, या किसी गाड़ी में लाद देते हैं। फिर वह व्यक्ति रस्सी के सहारे पटरियों से नीचे उतर जाता है। पुलिस का यह भी मानना है कि चोर अक्सर नाबालिगों को अपराध करने के लिए काम पर रखते हैं, क्योंकि वे आसानी से चढ़ कर तार काट सकते हैं। यह भी संज्ञान में आया कि बाजार में केबल 500 रुपये प्रति मीटर के हिसाब से बिकता है। केबल चोरी के इस तरीके ने बेरोजगारों को प्रेरित किया है। प्रशासन को चाहिए

# संसद की कार्य उत्पादकता का लगातार कम होना संसदीय प्रणाली को विफल कराने की साजिश है



बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। संसद का शीतकालीन सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष द्वारा एक दूसरे को अपनी अपनी ताकत दिखाने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। अडाणी मुद्दे को लेकर हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद का सत्र अम्बेडकर मुद्दे पर हंगामे के साथ खत्म हुआ। सत्र के दौरान संविधान पर चर्चा जरूर हुई लेकिन संसदीय व्यवधान का नया रिकॉर्ड भी बना दिया गया। 20 दिनों के इस सत्र के रिपोर्ट कार्ड की बात करें तो आपको बता दें कि लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। लोकसभा इन 20 दिनों में चार विधेयक ही पारित कर पाई। राज्यसभा में तो 40.03 प्रतिशत ही कामकाज हो सका और पूरे सत्र में कुल दो विधेयक पारित हुए। बात सिर्फ विपक्ष के हंगामे की वजह से होने वाले व्यवधान की नहीं है, सरकार भी तब शर्मसार हो गयी जब एक देश एक चुनाव जैसा महत्वपूर्ण विधेयक पेश किये जाते समय मत विभाजन के दौरान सत्ता पक्ष के ही दो दर्जन सांसद अनुपस्थित थे। क्या ऐसे ही चलेगा हमारा संसदीय लोकतंत्र? क्या इसीलिए छह महीने पहले देश की 140 करोड़ जनता ने 543 प्रतिनिधियों को निर्वाचित करके भेजा था? हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन संसद का महत्वपूर्ण समय और देश का कीमती धन बर्बाद कर रहे हैं? संसद के सत्र के दौरान भले सत्ता पक्ष और विपक्ष के अपने अपने राजनीतिक हित सध गये हों लेकिन देश की जनता का और संसद की छवि को तो नुकसान हो गया है। आखिर कैसे होगी इसकी भरपाई? देखा जाये तो वर्तमान संसद का पहला सत्र भी हंगामेदार रहा था। इससे पिछली लोकसभा के भी लगभग सभी सत्र हंगामेदार रहे थे। पिछले कुछ सत्रों की कार्य उत्पादकता पर गौर करें तो जो आंकड़े सामने आते हैं वह चिंताजनक स्थिति को दर्शाते हैं। सत्र की कार्य उत्पादकता का 45:, 35 प्रतिशत और 24 प्रतिशत के आसपास रहने से हमारी संसदीय प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े होते हो रहे हैं। सदन में जो कामकाज होता है वो भी हंगामे के बीच होता है यानि शोरशराबे के बीच क्या नए कानून बन गए यह देश को पता ही नहीं चल पाता। साथ ही संसद के कामकाज का प्रतिशत लगातार कम होते जाने से एक सवाल और खड़ा होता है कि कौन हैं वो लोग जो हमारी संसद को विफल दर्शाना चाहते हैं? कहीं हमारी संसदीय प्रणाली को विफल कराने के लिए कोई साजिश तो नहीं की जा रही है? विपक्ष लोकतंत्र बचाओ और संविधान बचाओ का आह्वान तो कर रहा है लेकिन लोकतांत्रिक प्रणाली वाले देश भारत में जनता के जनादेश पर निर्णय लेने वाला जो सर्वोच्च सदन है उसको चलने नहीं देता। देखा जाये तो अब बात सिर्फ संसद के कीमती समय, देश की उम्मीदों और सरकारी खजाने से धन की बर्बादी की ही नहीं है, बात अब यह भी है कि यदि संसद में भी जनता की आवाज नहीं सुनी जायेगी तो कहां सुनी जायेगी? वक्त आ गया है कि संसद में सदन के संचालन संबंधी नियमों को कठोर बनाया जाये? वक्त आ गया है कि सदन की कार्यवाही में बाधा डालने वाले सदस्यों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें? बहरहाल, पिछले वर्ष संसदीय व्यवधान पर 'पीड़ा' व्यक्त करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 'लोकतंत्र के मंदिर' में ऐसे आचरण के विरुद्ध माहौल और जनमत तैयार करने के लिए जनांदोलन चलाने का जो आह्वान किया था वह आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। संसद के कामकाज में लगातार व्यवधानों के चलते कीमती समय तो बर्बाद होता ही है साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर जवाब देने से सरकार को भी बचने का अवसर मिल जाता है। इसलिए उपराष्ट्रपति की ओर से किये गये आह्वान से देश की जनता को जुड़ना चाहिए और जनप्रतिनिधियों को यह अहसास कराना चाहिए कि सदन चर्चा के लिए बने हैं ना कि हंगामे और अपने राजनीतिक हित साधने के लिए।

# धर्म के प्रति निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर रोकेगा कौन ?

अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्धध्मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। धर्म और अधर्म के बीच मौजूद सूक्ष्म विभाजन को स्पष्ट करते हुए लोक रचयिता गोस्वामी तुलसीदास महाकाव्य रामचरित मानस में लिखते हैं कि श्परहित सरिस धर्म नहीं भाई, परपीड़ा सम नहीं अधमाई।श यानी कि दूसरों का हित सोचना–करना ही धर्म है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाना ही अधर्म है। जहां तक भारत और उसकी धर्मनिरपेक्षता का सवाल है तो खुद आरएसएस और उसका राजनीतिक संगठन भाजपा (जनसंघ का परिवर्तित स्वरूप) इस पर सवाल उठाते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस और समाजवादी दलों की सरकारों पर तुष्टिकरण के आरोप मढ़ती आई है। इससे स्पष्ट है कि धर्म के प्रति बढ़ती निरपेक्षता से बढ़ते अधर्म को आखिर कौन रोकेगा, यह यक्ष प्रश्न है और इस नीतिगत सवाल पर आरएसएस को ढुलमुल नहीं, बल्कि स्पष्ट रवैया अपनाना चाहिए। चूंकि वह विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, दुनिया के सबसे पुराने धर्म सनातन धर्म के आधार पर जीवन पद्धति को विकसित करने और प्राणी मात्र की रक्षा करने का वह पक्षधर रहा है, इसलिए उसके रवैए से देश सहित विश्व का जनमत प्रभावित होता है। क्योंकि वह अमूमन तार्किक और लोकहितैषी बातें करता आया है। उसकी शाखाओं की दिनचर्या समाज के लिए भी सेहतमंद साबित होती आई हैं। भाजपा को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मेंटर की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। अब जरा सोचिए, भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन यदि वह प्राणी बद्धध्मानव बद्ध पर उदासीन रहता है, कुतर्क करता है तो इसका दोषी सरकार नहीं है तो कौन है? क्योंकि जनता को भी तो जागरूक करना उसी का कार्य है। गाहे बगाहे होने वाले सांप्रदायिक, जातीय, क्षेत्रीय या आपराधिक हिंसा–प्रतिहिंसा की बातों को कुछ देर के लिए विराम भी दे दिया जाए, क्योंकि मानवीय सनक को काबू में रखना किसी भी प्रशासन के लिए जटिल कार्य है। फिर भी इस पर सियासी कारणों से रोक नहीं लगाना भी अधर्म है। वहीं, ऐसी ही हिंसक प्रवृत्ति से जुड़ा एक पूरक सवाल है कि यदि भारत सरकार पशु–पक्षी बद्ध के लिए लाइसेंस जारी करती है या फिर इस तरह की मिलीजुली मानवीय प्रवृत्ति पर खामोश रहती है तो मेरे विचार में वह एक अधार्मिक प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रही है और इससे उसका प्रशासन भी प्रभावित होगा। मेरा मानना है कि यदि देशवासियों को सही शिक्षा दी जाएगी, तो पुलिस व सैन्य खर्च में भारी कमी स्वतः आ जाएगी। आज यदि देश की जनता नाना प्रकार की नैतिक–भौतिक त्रासदी से जूझ रही है तो इसके पीछे उसकी धर्मनिरपेक्ष भावना ही है। जिसके चलते देशवासियों को सही शिक्षा की डिलीवरी नहीं हो पा रही है। आश्चर्य होता है कि इसके बावजूद भी हमारे धर्मनिरपेक्ष नेता मदमस्त हैं। वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे देश में कौन सा धर्म सही शिक्षा दे रहा है और कौन सा धर्म भड़काऊ शिक्षा दे रहा है। इनकी शिनाख्त करके उसे सही राह पर चलने के लिए भारत का प्रशासन विवश नहीं करेगा, तो कौन करेगा। आप धर्मनिरपेक्ष हैं, बहुत अच्छी बात है। लेकिन आप प्रकृति धर्म, प्राणी धर्म और मानव धर्म से निरपेक्ष नहीं हो सकते, क्योंकि इसका सम्मिलित स्वरूप ही राजधर्म है। मनुष्यों को नियंत्रित रखने के लिए किसी न किसी धर्म की जरूरत होती है, जो उन्हें अधार्मिक होने से रोकता है। हिंसक प्रवृत्ति अधार्मिक है, भोगवाद अधार्मिक है, क्योंकि इससे रोग उतपन्न होता है और बढ़ता है। वहीं, अहिंसा, त्याग और सेवा की भावना धार्मिक है, जिसे बढ़ावा देना चाहिए। यह प्राकृतिक गुण है, मानवीय गुण है और प्राणी मात्र के लिए हितैषी है। इस नजरिए से सनातन धर्मधहिन्दू धर्म इसका वाहक समझा जाता है। चूंकि हमारी सरकार धर्मनिरपेक्ष है, इसलिए वह इन नैसर्गिक गुणों से भी निरपेक्ष होना चाहती है, जो तमाम जन–समस्याओं की जननी है। इसलिए सवाल उठता है कि जिन्होंने हमें हिन्दू राष्ट्र और सनातनी सोच के सपने दिखाए, उन्हें भी जब देशवासियों ने कुछ अच्छा कर गुजरने के मौके दिये तो वो भी किंकर्तव्यविमूढ़ हो गए। क्या सत्ता के दुर्गुणों ने उन्हें भी अपने मायाजाल में फंसा लिया और अब वे दुष्टों के बढ़ते प्रभाव के वशीभूत होकर धर्मनिरपेक्ष होने मतलब अन्याय का समर्थन करने की वकालत कर रहे हैं। सच कहूं तो इससे एक बार फिर से धर्म की सही समझ ज्ञानी जनों के न्याय के कठघरे में खड़ी है। खासकर तब, जब हिन्दू हृदय सम्राट समझे गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, गत रविवार को अमरावती में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहते हैं कि दुनिया में धर्म के नाम पर जितने भी अन्याय, अत्याचार होते हैं, उनके पीछे धर्म की गलत समझ काम कर रही होती है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते सप्ताह ही आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा था कि जगह–जगह मंदिर विवाद खड़े करना ठीक नहीं है। लिहाजा संघ प्रमुख के बयानों के पीछे छिपी चिंता को समझे जाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसा करना हालिया घटनाओं की रोशनी में खासा अहम हो जाता है। उन्होंने धार्मिक जटिलता पर ठीक ही कहा कि धर्म बड़ा जटिल विषय है और इसे समझने में अक्सर गलती होने की आशंका बनी रहती है। आखिर कब धर्म की उदार वृत्ति पर संप्रदाय विशेष की संकीर्ण दृष्टि काबिज हो जाती है और कब धार्मिक समावेशिता को सांप्रदायिक कट्टरता ढक लेती है, यह कई बार हमलोगों की समझ में नहीं आता है। आसेतु हिमालय यानी भारतीय उपमहाद्वीप के संदर्भ में देखा जाए तो बांग्लादेश में हाल के सत्ता परिवर्तन ने कैसे समाज को कट्टरपंथी तत्वों के चंगुल में ला दिया, यह सबके लिए एक ताजा सबक हो सकता है। इससे पहले पाकिस्तान के कट्टरपंथी सोच से हमलोग अवगत और भुक्तभोगी दोनों हैं। कभी उसी का भूभाग रहे बंगलादेश की बदलती घटनाओं और पनपती सोच की हम उपेक्षा नहीं कर सकते। क्योंकि कमोबेश वैसी ही ताकतें हमारे यहां भी सक्रिय हैं।

# हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नजारा

श्रुति व्यास

घूमने के सारे ठिकाने, पर्यटन स्थल चाहे कितने ही मनमोहक क्यों न हों, वहां कुंभ की रेलमपेल मची रहती है। जबकि छुट्टियों का एक मकसद भीड़–भाड़ से दूर जाना भी होता है। भारत भर में पूरे साल हर तरह के पर्यटन स्थल–बीच हों या पहाड़, तीर्थ हो या नेशनल पार्क–हमेशा बुक रहते हैं। हर जगह कुम्भ के मेले जैसा नजारा रहता है।

गहरा नीला आसमान और हवा में झूमते ताड़ के वृक्ष। बालकनी से मैं जमीन पर बिछी सफेद रेत का अंतहीन सिलसिला देख सकती हूँ। धूप ठीक उतनी गर्म है, जितनी होनी चाहिए। दूर कहीं से समुद्र की लहरों के तट से टकराने की आवाज आ रही है। मै अक्सर मनपसिंदा श्रोजय पेय की चुस्कियां लेती हूँ और साथ–साथ बीच में चॉकलेट केक के टुकड़े भी मुंह में डालती हूँ। यहाँ की हर सुबह हेमंत जैसी है और हर शाम, वसंत जैसी। यह स्वर्ग है। यहाँ सपने हकीकत बन जाते हैं। यहाँ आनंद ही आनंद है। और मैं यहाँ तब तक रहूंगी जब तक कि सर्दी का मौसम विदा नहीं हो जाता।और फिर मेरी आँख खुलाती है!मैं तो दिल्ली में हूँ–जापान में बने गर्म कपडे पहनकर, अंग्रेज इंजीनियरों द्वारा डिजाईन किये हुए एयर प्युरिफायर के बगल में। हवा जहरीली है। और आँखें जल रही हैं, नाक बह रही है। मैं श्रोजय नहीं बल्कि श्काढ़ाय पी रही हूँ। श्चॉकलेट केकय नहीं बल्कि श्च्यवनप्राशय खा रही हूँ। खिड़की के पास अपनी पसंदीदा कुर्सी पर बैठ कर आकाश में एक के बाद हवाईजहाजों को उड़ान भरते देख रही हूँ। वे अपने यात्रियों को उन सुन्दर जगहों पर ले जा रहे हैं, जहाँ के बारे में मैं केवल सोच सकती हूँ। हाय री किस्मत! मेरा मन खिन्न हो जाता है।

ईमानदारी की बात तो यह है कि दिल्ली एकदम बेदिल हो गई है। वे चीजें जो दिल्ली को एक आकर्षण, एक चरित्र और एक व्यक्तित्व देती थीं, गुमशुदा हैं। यहाँ बहुत ज्यादा लोग हैं, बहुत ज्यादा। हर जगह को खोद डाला गया है, मोहल्लों–सड़कों के नाम बदल दिए गए हैं, नल का पानी काला होता है, हवा काली हो गई है। यह शहर अब चाट प्रेमियों का स्वर्ग नहीं रहा। अब यहाँ मोमो का राज है। अजीब सी मूर्तियाँ–बेढब और निरीह सी–कई जगह ऊग आईं हैं। नई उम्र के लड़के–लड़कियों को वे रील बनाने के लिए एकदम उपयुक्त लगती हैं।शहर में इतनी भीड़ है कि इटली के दूतावास में बड़े दिन, क्रिसमस के मेले में घुसने पर ऐसा लगता है मानों आप कुम्भ मेले में हों। यह शहर एक समय उत्कृष्ट संस्कृतियों और पाक शैलियों का गुलदस्ता था, उनका मिलन स्थल था। अब यहाँ जहर है–हवा में भी और लोगों के दिलों में भी। मैं अपने आप को भाग्यवान मानती हूँ कि मैं उस दिल्ली में पली–बढ़ी जो सदियों से सत्ता का केंद्र थी, जिसकी अपनी शान थी, जो अपने लोगों, अपनी इमारतों और अपने खान–पान के लिए जानी जाती थी। यहाँ की सर्दियों खुशनुमा हुआ करती थी। चमकीली धूप, नीला आकाश और चारों तरफ खिलखिलाते बोगेनविलिया। करीने से छटाई किये हुए पौधों और पेड़ों से भरे पार्कों में हम परिवार या दोस्तों के साथ पिकनिक मनाते, खाना खाते, क्रिकेट और लूडो खेलते या अलसाते हुए अगाथा क्रिस्टी या ब्रोंटी पढ़ते। अचार को सुखाने के लिए छत पर धूप में रखा जाता था, सर्दियों में गर्मी के लिए आलू के चिप्स बनाये जाते थे और माएं बच्चों को जबरदस्ती मूली खिलाती थीं। सैलानी पुरानी दिल्ली की गलियों की खाक छानते थे और इंडिया गेट–जब वह इंडिया गेट हुआ करता था–पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटती थी। शाम की हवा साफ–सुथरी और ठंडी हुआ करती थी। आप घर में बनी स्वेटरें पहनें अलाव के आसपास बैठकर, हॉट चॉकलेट पीते हुए रेवडियाँ टूंगते थे–कुछ–कुछ वैसा ही दृश्य हुआ करता था जैसा कि भारतीय फिल्मों में क्रिसमस का दिखाया जाता है।

मगर अब दिल्ली न तो आदर्श राजधानी बची है और ना ही आदर्श शहर। वह ऐसी जगह भी नहीं है जहाँ आप घूमने जा सकते हैं। पार्कों की कटाई–छटाई नहीं होती और वे हँसते–खेलते परिवारों से भरे नहीं रहते। हवा ऐसी नहीं है जो अचार को अचार बना सके और चिप्स को सुखा सके। विदेशी सैलानियों के लिए दिल्ली अब गोल्डन ट्रायंगल की यात्रा का एक पड़ाव भर है। स्थानीय लोग शहर से बाहर जाने के लिए आतुर रहते हैं–चाहे वह एक वीकेंड के लिए ही क्यों न हो।जिस स्वर्ग में होने का सपना मैं देख रही थी, दुर्भाग्यवश, वह बहुत दूर है और इतनी जल्दी वहां जाने का कार्यक्रम बनाना मुमकिन नहीं है। कुल मिलाकर, सर्दियों में फ्रेंच रीविएरा जाने की योजना एक और साल के लिए मुल्तवी!दिल्ली और उसके उदास मौसम, और समुद्र के किनारे गुनगुनी धूप का मजा लेने का एक और मौका खो देने पर मेरी झल्लाहट और बड़बड़ाना सुन कर मेरे पिता कुछ गुस्से से बोले, तो तुम गोवा ही चली जाओ।वाह, क्या धिसापिटा मशविरा है,

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आपके पास बहुत–सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक रहने वाला है। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे, इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन रिलैक्स भरा होगा।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे तो आपको भी कुछ नया सिखने को मिलेगा। आज किसी बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति से आपको सही सलाह मिल सकती है।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिग में पूरी मेहनत करेंगे। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज ज्यादा फायदा होगा। आज विद्यार्थी प्रैक्टिकल को पूरा करने में सीनियर्स की मदद लेंगे। परिवार में सुख संतोष बढ़ेगा।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियाँ लेकर आया है। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे।

तुला राशि–
आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपको करियर में सफलता मिलने वाली है यह आपको किसी सपने जैसा महसूस होगा। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा।

वृश्चिक राशि
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कोई बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग मिलने से आपका इम्पोर्टेन्ट काम बन जाएगा। आज आपका दिन भक्तिमय रहेगा।

धनु राशि–
आज का दिन आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपके अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। आज आप घर पर फ्लावर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं।

मकर राशि–
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। जो लोग होटल या रेस्टोरेंट जैसे बिजनेस से जुड़े हैं, उनके लिये दिन पहले से बेहतर रहेगा, आज आपका दिन ज्यादा लाभ कमानें का है।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज परिवार के लोगों से आपको भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, खासकर आपके प्रति बड़ों का प्यार बना रहेगा। साथ ही बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे।

मीन राशि–
आज आपका दिन उमंग से भरा रहने वाला है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेग । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है किस्मत का साथ मिलेगा। पिछले कुछ समय से खास लोगों से चल रही अनबन आज दूर हो जाएगी। आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिल सकती है।

# जमा हुए 60 हजार रोहिंग्या, अराकान आर्मी ने मचाई तबाही

बांग्लादेश की सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है कि हम उन्हें शरण देने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन हालात हमें मजबूर कर देते हैं। आराकान आर्मी की बढ़ती ताकत ने म्यांमार बांग्लादेश बॉर्डर पर हालात और बिगाड़ दिए हैं। आराकान आर्मी ने बांग्लादेश से सटे इलाकों पर कब्जा कर लिया। इन इलाकों पर पहले जुंटा सेना का नियंत्रण था। लेकिन अब ये आराकान आर्मी के हाथ में है। म्यांमार की जातिय हिंसा की आग पूरे दक्षिण एशिया को प्रभावित कर रही है। बात रखाइन राज्य के बढ़ते संकट और आराकान आर्मी के कहर की बात कर रहे हैं। आराकान आर्मी और जुंटा सेना की बीच संघर्ष ने हजारों रोहिंग्या मुसलमानों को देस छोड़ने पर मजबूर कर दिया। सिर्फ दो महीनों के अंदर 60 हजार से ज्यादा रोहिंग्या बांग्लादेश पहुंचे हैं। दरअसल, बांग्लादेश का रखाइन राज्य एकबार फिर हिंसा का केंद्र बन चुका है। आराकान आर्मी जो एक विद्रोही संगठन है उसने बांग्लादेश सीमा से सटे इलाकों पर कब्जा कर लिया। म्यांमार की जुंटा सेना फिर से इस इलाके को अपने नियंत्रण में लेने की कोशिश कर रही। इस संघर्ष के बीच हजारों रोहिंग्या और अन्य अल्पसंख्यक अपनी जान बचाने के लिए म्यांमार छोड़कर भाग रहे हैं। लगातार आराकान आर्मी रोहिंग्याओं को निशाना बना रही और उसे म्यांमार से भगा रही है। साल 2017 से शुरू हुआ रोहिंग्या संकट आज और भी गहरा हो चुका है। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में पहले से 12 लाख से ज्यादा रोहिंग्या शरण ले चुके हैं। हाल ही में 60 हजार नए रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश पहुंचे। बांग्लादेशी अधिकारियों का कहना है कि ये लोग अलग अलग रास्तों और दलालों के जरिए सीमा पार कर रहे हैं। बांग्लादेश की



सरकार ने अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है कि हम उन्हें शरण देने के पक्ष में नहीं हैं। लेकिन हालात हमें मजबूर कर देते हैं। आराकान आर्मी की बढ़ती ताकत ने म्यांमार बांग्लादेश बॉर्डर पर हालात और बिगाड़ दिए हैं। आराकान आर्मी ने बांग्लादेश से सटे इलाकों पर कब्जा कर लिया। इन इलाकों पर पहले जुंटा सेना का नियंत्रण था। लेकिन अब ये आराकान आर्मी के हाथ में है। रखाइन इलाका हमेशा से ही बुद्धिस्त लोगों का रहा है। लेकिन रोहिंग्याओं ने जब बुद्धिस्ट लोगों को मारना शुरू कर दिया तो इसका बदला लेने के लिए साल 2009 में आराकान आर्मी की स्थापना की गई। अभी तक तो ये सिर्फ रोहिंग्याओं से ही जंग लड़ रही थी। लेकिन जब से बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार आई है आराकान आर्मी ने बांग्लादेश पर भी हमले शुरू कर दिए हैं। आराकान आर्मी का मानना है कि बांग्लादेश में यूनुस सरकार आने के बाद रोहिंग्या मजबूत हो सकते हैं।

# बड़ा हादसा, फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 12 की मौत

बालिकेसिर के गवर्नर इस्माइल उस्तोग्लू ने कहा कि विस्फोट से कैप्सूल उत्पादन इमारत ढह गई और आसपास की इमारतों को मामूली क्षति हुई।उत्तर पश्चिम तुर्की में एक हथियार कारखाने में मंगलवार सुबह हुए विस्फोट में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और चार घायल हो गए। सरकारी अनादोलु एजेंसी के अनुसार, यह विस्फोट बालिकेसिर प्रांत में स्थित फैक्ट्री की कैप्सूल उत्पादन सुविधा में हुआ। बालिकेसिर के गवर्नर इस्माइल उस्तोग्लू ने कहा कि विस्फोट से कैप्सूल उत्पादन इमारत ढह गई और आसपास की इमारतों को मामूली क्षति हुई। स्थानीय गवर्नर इस्माइल उस्ताओग्लू ने पुष्टि की कि विस्फोट बालिकेसिर प्रांत के करेसी जिले में हुआ। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, 12 कर्मचारियों की मौत हो गई, और चार अन्य को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं हमारे मृत नागरिकों पर ईश्वर की दया और हमारे घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बाद में घायलों की संख्या संशोधित कर पांच कर दी गई और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उनकी चोटें जीवन के लिए खतरा नहीं थीं।



अधिकारियों ने पुष्टि की कि विस्फोट के समय फैक्ट्री के अंदर कोई कर्मचारी नहीं था और आग बुझा दी गई थी। विस्फोट, जो सुबह 8रू25 बजे (0525 ळडज) हुआ, विस्फोट की ताकत के कारण संयंत्र का एक हिस्सा ढह गया। आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने उल्लेख किया कि विस्फोट का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि हम यह निर्धारित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसका कारण क्या था।

# पाकिस्तान की खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए पोलियो टीकाकरण को अनिवार्य बनाया

अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय सरकार ने फैसला किया है कि वह अब पोलियो टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को जन्म, मृत्यु या विवाह प्रमाण–पत्र जारी नहीं करेगी। यह कदम प्रांत में जारी पोलियो उन्मूलन अभियान को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। पेशावर । पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा की प्रांतीय सरकार ने फैसला किया है कि वह अब पोलियो टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को जन्म, मृत्यु या विवाह प्रमाण–पत्र जारी नहीं करेगी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह कदम प्रांत में जारी पोलियो उन्मूलन अभियान को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि नए निर्देश के तहत, व्यक्तियों को इन आवश्यक दस्तावेजों को जारी करवाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके बच्चों का पोलियो टीकाकरण हो।यह निर्देश विशेष रूप से पेशावर और उसके आसपास के क्षेत्रों तथा निकटवर्ती ग्राम परिषदों को ध्यान में रखकर जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में टीकाकरण दर में सुधार लाना है जहां



टीकाकरण के प्रति विरोध एक चुनौती बना हुआ है। पेशावर के उपायुक्त द्वारा हाल में जारी एक अधिसूचना में जिला स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सा अधिकारी को चेतावनी दी गई है कि आदेश का पालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता ने कहा, “इस निर्णय से यह सुनिश्चित होगा कि हर बच्चे का टीकाकरण हो। हम भविष्य की पीढ़ियों को पोलियो से बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

# परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ पांच अरब डालर के भ्रष्टाचार की जांच शुरू

ढाका । भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। इस संबंध में मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसातम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र, रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है।



‘बीडीन्यूज’ ने रविवार को बताया कि हसीना के साथ उनके बेटे सजीब वाजेद जॉय और उनकी भांजी एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन का आरोप है। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम उच्च न्यायालय द्वारा एक नियम जारी करने के दो दिन बाद हुआ है, जिसमें पूछा गया था कि रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना से हसीना, जॉय और ट्यूलिप द्वारा मलेशियाई बैंक को पांच अरब अमेरिकी डॉलर के कथित हस्तांतरण पर भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) की निष्क्रियता को अवैध क्यों न घोषित किया जाए। एसीसी दस्तावेजों के अनुसार, रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजना में भ्रष्टाचार के आरोपों को नेशनल डेमोक्रेटिक मूवमेंट (एनडीएम) के अध्यक्ष बॉबी हज्जाज सामने लाए थे। हसीना पांच अगस्त से भारत में हैं। 77 वर्षीय हसीना छात्रों के नेतृत्व में हुए व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद देश छोड़कर चली गई थीं। छात्रों के इस आंदोलन के कारण उनकी 16 साल पुरानी सरकार गिर गई थी। उनकी बहन रेहाना भी उनके साथ हैं। जॉय अमेरिका में रहते हैं, जबकि उनकी भांजी ट्यूलिप ब्रिटेन की सांसद हैं। बांग्लादेश स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने हसीना और कई पूर्व कैबिनेट मंत्रियों, सलाहकारों तथा सैन्य एवं नागरिक अधिकारियों के खिलाफ “मानवता के विरुद्ध अपराध और नरसंहार” के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। प्रदर्शनों के सिलसिले में दर्ज हत्या के कई मामलों में भी उनका नाम शामिल है।

# कानाडा में पहली बार यहूदियों को बचाने कूद पड़े हिंदू, मच गया बवाल

कुछ समय पहले कनाडा ने इजरायल को ऐसा जख्म दिया था जिसे देख यहूदियों की आंखें भर आई थी। कनाडा ने अपनी संसद में 98 साल के एक व्यक्ति को सम्मनाति किया था। लेकिन आप ये जानकर हैरान हो जाएंगे कि ये व्यक्ति हिटलर की नाजी सेना का अधिकारी थी। कुछ समय पहले की ही बात है जब भारत और इजरायल के दो लड़के अपने देश के सम्मान के लिए कट्टरपंथियों से भिड़ते नजर आए थे। उस वक्त इस खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। लेकिन कनाडा से आई खबर को सुनकर इजरायल भी भारत की तारीफ करने से नहीं रह पाएगा। कनाडा में अब यहूदियों को बचाने के लिए हिंदू मैदान में आ गए हैं। हिंदुओं ने कनाडा की धरती पर जय श्री राम के नारे लगाए और कहा कि यहूदियों के साथ हम खड़े हैं।



आपको बता दें कि कनाडा में यहूदियों और हिंदुओं दोनों के खिलाफ नफरत बढ़ती जा रही है। कनाडा के काफी लोग खासकर खालिस्तानी हिंदुओं और यहूदियों से नफरत करते हैं। मगर अब कनाडा के टोरंटो शहर में हिंदू लोग बड़ी संख्या में यहूदियों की रक्षा के लिए उतर आए। जस्टिन ट्रूडो के राज में यहूदी विरोधी घटनाओं, धमकियों और हेट क्राइम में जबरदस्त इजाफा हुआ है। कुछ समय पहले कनाडा ने इजरायल को ऐसा जख्म दिया था जिसे देख यहूदियों की आंखें भर आई थी। कनाडा ने अपनी संसद में 98 साल के एक व्यक्ति को सम्मनाति किया था। लेकिन आप ये जानकर हैरान हो जाएंगे कि ये व्यक्ति हिटलर की नाजी सेना का अधिकारी थी। जिसने हजारों यहूदियों को मारा था। कनाडा के स्पीकर को यहूदियों से माफी मांगनी पड़ गई। अब कनाडा में हिंदुओं और यहूदियों ने हाथ मिला लिया है। ब्रिटेन में भी हिंदुओं और यहूदियों के खिलाफ प्रदर्शन होते रहे हैं। कुछ दिनों पहले की ही बात है लंदन में भारतीय लड़का खालिस्तानियों के बीच कूद पड़ा था और वहां से तिरंगे को उठा लाया था। भारत के इस लड़के से तिरंगे का अपमान नहीं देखा गया। इसके अलावा लंदन में ही हमास समर्थक रैली में एक इजरायली लड़का घुस गया। सैकड़ों की संख्या में हमास समर्थक इजरायल को लेकर बुरा–भला कह रहे थे। इजरायली व्यक्ति ये देख नहीं पाया। इजरायल के इस लड़के ने बोला कि हमास ने हमारे सैकड़ों लोगों को मार दिया। लेकिन फिर भी ये लोग फिलिस्तीन के समर्थन में रैलियां निकाल रहे हैं। ये लोग इतने डरपोक हैं कि मास्क पहनकर रैलियां निकाल रहे हैं। इनमें इतनी हिम्मत भी नहीं है कि अपनी शक्ल दिखा पाए।

# नेताओं के भी सिर कलम कर देंगे, इजरायल ने पहली बार स्वीकार की हमास नेता हानिया की हत्या कराने की बात

काट्ज ने कहा कि हमने सीरिया में असद शासन को उखाड़ फेंका है, हमने बुराई की धुरी को एक गंभीर झटका दिया है, और हम यमन में हौथी आतंकवादी संगठन को भी एक गंभीर झटका देंगे, जो आखिरी बार खड़ा हुआ है। इजराइलउनके रणनीतिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा, और हम उनके नेताओं के सिर काट देंगे। जैसा कि हमने तेहरान, गाजा और लेबनान में हनियेह, सिनवार और नसरल्ला के साथ किया था। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि इजराइल ने जुलाई में ईरान में हमास नेता इस्माइल हानियेह की हत्या की थी, जिससे गाजा में इजराइल के युद्ध और संघर्ष



से हिले हुए क्षेत्र में तेहरान और उसके कट्टर दुश्मन इजराइल के बीच तनाव बढ़ गया है। इन दिनों, जब हूती आतंकवादी संगठन इजराइल पर मिसाइलें दाग रहा है। मैं अपनी टिप्पणी की शुरुआत में उन्हें एक स्पष्ट संदेश देना चाहता हूं हमने हमास को हराया है, हमने हिजबुल्लाह को हराया है, हमने ईरान की रक्षा प्रणालियों को अंधा कर दिया है और उत्पादन को नुकसान पहुंचाया है। काट्ज ने कहा कि हमने सीरिया में असद शासन को उखाड़ फेंका है, हमने बुराई की धुरी को एक गंभीर झटका दिया है, और हम यमन में हौथी आतंकवादी संगठन को भी एक गंभीर झटका देंगे, जो आखिरी बार खड़ा हुआ है। इजराइलउनके रणनीतिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाएगा, और हम उनके नेताओं के सिर काट देंगे। जैसा कि हमने तेहरान, गाजा और लेबनान में हनियेह, सिनवार और नसरल्ला के साथ किया था। यमन में ईरान समर्थित समूह इजरायल पर नौसैनिक नाकाबंदी लागू करने की कोशिश करने के लिए एक साल से अधिक समय से लाल सागर में वाणिज्यिक शिपिंग पर हमला कर रहा है, उनका कहना है कि वे गाजा में इजरायल के साल भर के युद्ध में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहे हैं। फिलिस्तीनी इस्लामी समूह हमास के राजनीतिक नेता की तेहरान में हत्या कर दी गई थी, जिसके लिए ईरानी अधिकारियों ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया था। उस समय हनियेह की हत्या के लिए इजराइल द्वारा जिम्मेदारी का कोई प्रत्यक्ष दावा नहीं किया गया था।

# 24 महीनों में 40३ सेना की ताकत बढ़ा रहा पाकिस्तान, चीन से मिलने वाले हाईटेक फाइटर जेट कितने दमदार ?

पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला पाकिस्तान के गंभीर आर्थिक संकट से जूझने के बीच आया है। हालांकि, चीन की ओर से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है या आधिकारिक तौर पर ऐसी किसी डील का जिक्र नहीं किया गया है। पाकिस्तान द्वारा चीनी जेट खरीदने की अटकलें तब प्रमुख हो गई जब पीएएफ के शीर्ष अधिकारी झुहाई शहर में प्रतिष्ठित वार्षिक एयर शो में शामिल हुए, जहां चीनी जेट का प्रदर्शन किया गया था। दक्षिण एशिया में शक्ति संतुलन के संबंध में एक बड़े रणनीतिक निर्णय के रूप में पाकिस्तान ने 40 जे–35, चीनी स्टील्थ फाइटर जेट हासिल करने की योजना बनाई है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह



चीन की किसी भी देश को पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की पहली बिक्री होगी, जो क्षेत्रीय गतिशीलता को पुनर्गठित करेगा। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान वायुसेना (च।थ) ने 40 विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी है. इन जेट विमानों की डिलीवरी दो साल के भीतर होने की उम्मीद है, जो पाकिस्तान के पुराने बेड़े अमेरिकी एफ–16 के साथ–साथ फ्रांसीसी मिराज लड़ाकू विमानों की जगह लेंगे। गौरतलब है कि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान खरीदने का फैसला पाकिस्तान के गंभीर आर्थिक संकट से जूझने के बीच आया है। हालांकि, चीन की ओर से इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है या आधिकारिक तौर पर ऐसी किसी डील का जिक्र नहीं किया गया है। पाकिस्तान द्वारा चीनी जेट खरीदने की अटकलें तब प्रमुख हो गई जब पीएएफ के शीर्ष अधिकारी झुहाई शहर में प्रतिष्ठित वार्षिक एयर शो में शामिल हुए, जहां चीनी जेट का प्रदर्शन किया गया था। पिछली रिपोर्टों के अनुसार, श्र–35 के भूमि–आधारित संस्करण को श्र–31 कहा जाता था। चीन वर्तमान में इस क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसने स्टील्थ विमान विकसित किया है। पोस्ट रिपोर्ट के अनुसार, पीएएफ प्रमुख एयर मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने जनवरी में कहा था कि जे–31 स्टील्थ लड़ाकू विमान प्राप्त करने की नींव पहले ही रखी जा चुकी है। सभी सहयोगी देशों, चीन और पाकिस्तान के बीच गोपनीयता से भरा गहरा सैन्य संबंध था। बीजिंग पाकिस्तानी सेना के तीनों अंगों के आधुनिकीकरण में मदद कर रहा है क्योंकि उसने अरबों डॉलर के रक्षा व्यय के साथ अपने स्वयं के सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण किया है।

# इधर मोदी के जय ने के लिए भरी उड़ान, उधर यूनुस को अमेरिका ने लाइन पर ले लिया, हिंदू हिंसा पर लगी खूब क्लास

संयुक्त राज्य अमेरिका के पास उत्पीड़ितों की हिमायत करने का एक पुराना इतिहास है और यह मुद्दा भी अलग नहीं होना चाहिए। जब हमें मदद के लिए वैश्विक कॉल आती है, तो हमें दुनिया के मानवाधिकारों के अग्रदूत के रूप में उचित प्रतिक्रिया देनी चाहिए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं और उनके पूजा स्थलों पर बड़े पैमाने पर हमले को लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका में बढ़ते आक्रोश के बीच, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस से बात की और दोनों नेताओं ने मानव की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह कॉल बाइडेन प्रशासन द्वारा डोनाल्ड ट्रम्प को सत्ता सौंपने से एक महीने से भी कम समय पहले आई है, जो अगले साल 20 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47 वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इससे कुछ ही दिन पहले भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक कांग्रेसी श्री थानेदार ने व्हाइट हाउस से बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या और उनके मंदिरों को नष्ट करने के मुद्दे को देश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के साथ जोरदार तरीके से उठाने का आग्रह किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका के पास उत्पीड़ितों की हिमायत करने का एक पुराना इतिहास है और यह मुद्दा भी अलग नहीं होना चाहिए। जब हमें मदद के लिए वैश्विक कॉल आती है, तो हमें दुनिया के मानवाधिकारों के अग्रदूत के रूप में उचित प्रतिक्रिया देनी चाहिए। थानेदार ने पिछले सप्ताह यूएस कैपिटल के नक्शेकदम पर संवाददाताओं से कहा कि हमें प्रधान मंत्री मुहम्मद यूनुस से शांति बहाल करने और समानता और न्याय के सिद्धांतों पर राष्ट्र के पुनर्निर्माण



के अपने वादे को पूरा करने का आग्रह करना चाहिए। व्हाइट हाउस ने कहा कि कॉल के दौरान सुलिवन ने चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान बांग्लादेश के नेतृत्व के लिए यूनुस को धन्यवाद दिया। कॉल के रीडआउट में कहा गया कि सुलिवन ने एक समृद्ध, स्थिर और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के समर्थन को दोहराया, और बांग्लादेश के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में संयुक्त राज्य अमेरिका के निरंतर समर्थन की पेशकश की। हिंदूएक्शन ने कहा कि हिंदुओं के खिलाफ क्रूर हमलों की परेशान करने वाली खबरें लगातार सामने आ रही हैं, खासकर पिछले दो हफ्तों में, क्योंकि जमीन पर प्रभावित लोगों की ओर से मदद की गुहार लगाई जा रही है। हिंदूएक्शन के कार्यकारी निदेशक उत्सव चक्रवर्ती ने कहा कि बांग्लादेश में पिछले साढ़े पांच महीनों में जो हुआ है वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि जमात–ए–इस्लामी में अपने सहयोगियों को मुहम्मद यूनुस रोकने में विफल रहे हैं ।

# मेलबर्न बाक्सिंग डे टेस्ट पर रोहित ने कहा, कोहली अपने रन बनाने का रास्ता खुद ढूंढ लेंगे

मेलबर्न, मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर भरोसा जताया है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बचे हुए मैचों में मजबूत वापसी करेंगे।कोहली ने पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद के तीन पारियों में उनके स्कोर 7, 11 और 3 ही रहे।प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोहली की फॉर्म पर सवाल पूछे जाने पर रोहित ने कहा, आधुनिक दौर के महान खिलाड़ी अपनी राह खुद तलाशते हैं।दूसरी ओर, रोहित ने खुद को मिडिल ऑर्डर में भेजा है, लेकिन पिछले दो टेस्ट में वे केवल 19 रन बना सके। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण हिस्सा नहीं लिया था। साथ ही, न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था, जहां भारत 3–0 से हार गया था और विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कमजोर पड़ गई थीं।फिलहाल पांच मैचों की यह सीरीज 1–1 से बराबर है। भारत को आखिरी दो टेस्ट जीतने होंगे ताकि अगले साल लॉर्ड्स में चौंपियनशिप का फाइनल खेला जा सके। इस दौरे में भारत की बल्लेबाजी, गेंदबाजी की तुलना में बड़ी चिंता बनी हुई है। केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी ने रोहित को मिडिल ऑर्डर में भेजने पर मजबूर किया है, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है।रोहित ने माना कि बल्लेबाजी क्रम में संघर्ष हो रहा है, लेकिन उन्होंने किसी बदलाव पर खुलासा करने से इनकार किया और कहा कि मैच के दिन फैसला लिया जाएगा। रोहित ने कहा, कौन कहां बल्लेबाजी करेगा, इसकी चिंता न करें। यह टीम के लिए



सबसे अच्छा क्या है, उस पर निर्भर करेगा। रविवार को एक प्रैक्टिस सेशन के दौरान रोहित को चोट लगने का डर भी था, जब थ्रोडाउन स्पेशलिस्ट की एक गेंद उनके बाएं घुटने पर लगी। हालांकि, कुछ देर बल्लेबाजी जारी रखने के बाद उन्हें मेडिकल मदद की जरूरत पड़ी। लेकिन उन्होंने फिटनेस को लेकर चिंता दूर करते हुए कहा कि वह पूरी तरह फिट हैं और बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए तैयार हैं।उन्होंने कहा, सब कुछ ठीक है। पिछले कुछ दिनों से हम जिन पिचों पर अभ्यास कर रहे हैं, वे पुरानी थीं, शायद बिग बैश के लिए इस्तेमाल हुई थीं। आज हमें नई पिच पर अभ्यास करने का मौका मिलेगा, तो हम देखेंगे और उसके हिसाब से तैयारी करेंगे।

# नईदिल्ली बेन स्टोक्स 3 महीने रहेंगे मैदान से रहेंगे दूर, ईसीबी ने दिया अपडेट

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को बाएं हैमस्ट्रिंग में बार–बार होने वाली चोट के कारण कम से कम 3 महीने के लिए सभी क्रिकेट गतिविधियों से बाहर कर दिया गया है।इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पुष्टि की है कि 33 वर्षीय ऑलराउंडर की जनवरी में सर्जरी होगी।वह पिछले महीने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के तीसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।स्टोक्स को इस साल अगस्त में द हंड्रेड के एक मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। यह घटना तब हुई जब वह मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के खिलाफ नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के लिए खेल रहे थे।स्टोक्स एक तेज रन दौड़ने के बाद दर्द से कराह रहे थे। उन्होंने अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को पकड़ लिया था।बता दें कि हाल ही में ईसीबी ने चौंपियंस ट्रॉफी के लिए भी अपनी टीम का ऐलान किया, जिसमें स्टोक्स को जगह नहीं दी थी।चोट के बावजूद स्टोक्स ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने हैमिल्टन में 36.2 ओवर फेंके, जो 2022 के बाद से टेस्ट में उनकी सबसे ज्यादा गेंदबाजी थी।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज में उन्होंने 66.1 ओवर में 36.85 की औसत से 7 विकेट लिए थे।न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से पहले वह श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में भी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट टीम में वापसी की थी।

स्टोक्स ने बताया कि वह मैदान में वापसी करने के लिए बेकरार होंगे।उन्होंने एक्स पर लिखा, उनके पास अभी बहुत कुछ बचा है और अपनी टीम और इस शर्ट के लिए उन्हें बहुत खून, पसीना और आंसू बहाने हैं।वह दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टी–20 लीग में भी हिस्सा



नहीं ले पाएंगे।इसके बाद जुलाई में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और भारत के खिलाफ 5 मैचों की घरेलू सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता अनिश्चित है।स्टोक्स ने अब तक 110 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 35.55 की औसत के साथ 6,719 रन बनाए हैं। उन्होंने 13 शतक और 35 अर्धशतक लगाए हैं।गेंदबाजी में उन्होंने 210 विकेट लिए हैं।114 वनडे मैचों में 41.22 की औसत और 95.68 की स्ट्राइक रेट से 3,463 रन बनाए हैं।

# विनोद कांबली की तबीयत में हुआ कुछ सुधार, अस्पताल से खुद दिया अपडेट

मुंबई, । हाल ही में पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही थी।इस बीच खबर है कि कांबली की तबीयत में पहले से सुधार हुआ है।पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने खुद इस पर अपडेट दिया है और डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया है।आइए इस खबर पर एक नजर डालते हैं।कांबली का इलाज कर रहे डॉ. विवेक त्रिवेदी ने बताया कि भारतीय क्रिकेटर के मस्तिष्क में थक्के की मौजूदगी का भी पता चला है।उनके स्वास्थ्य पर आकृति अस्पताल की मेडिकल टीम लगातार नजर रखा रही है।अस्पताल के प्रभारी एस सिंह ने कांबली को अपने अस्पताल में आजीवन मुफ्त इलाज देने का वादा किया है।यह वादा तब किया गया है जब कांबली पिछले एक दशक से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं। कांबली ने कहा, मैं यहां के डॉक्टरों की वजह से जीवित हूं। मैं बस इतना ही कहूंगा कि सर (डॉक्टर की ओर इशारा करते हुए) जो भी कहेंगे, मैं वही करूंगा। लोग देखेंगे कि मैं उन्हें कितनी प्रेरणा देता हूं।कांबली ने मुस्कुराते हुए यह बात कही, जो उनके ठीक होने का अच्छा संकेत है।वह पहले से कहीं बेहतर दिखाई दिए और उन्होंने डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और प्रशंसकों का अभिवादन भी किया। कांबली के करीबी मित्र मार्कस कोउटो



ने भी उनके स्वास्थ्य में हो रहे सुधार की बात कही।कोउटो ने कहा, कांबली अब ठीक हैं। उन्हें मूत्र संक्रमण है और उन्हें शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मैं आज अस्पताल में उनसे मिला। मैंने उनसे कहा कि उन्हें एक महीने तक अस्पताल में ही रखा जाए क्योंकि उन्हें कई स्वास्थ्य संबंध ी समस्याएं हैं। कांबली ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 1991 में वनडे और 1993 में टेस्ट में डेब्यू किया था।वह टेस्ट में लगातार दोहरे शतक लगाने वाले पहले भारतीय भी बने थे।उन्होंने 17 टेस्ट में 1,084 रन बनाए हैं, जिसमें 4 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने कुल 104 वनडे मैचों में 2,477 रन बनाए हैं, जिसमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। वह भारत के लिए सबसे तेज 1,000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे हैं।

# बाक्सिंग डे टेस्ट कोन्स्टास के डेब्यू की पुष्टि, हेड की फिटनेस पर फैसला बाकी

मेलबर्न, युवा खिलाड़ी सैम कोन्स्टास बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। वहीं, स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड का फिटनेस टेस्ट अब तक क्लियर नहीं हुआ है। यह अहम मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा। टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने पुष्टि की है कि 19 वर्षीय कोन्स्टास अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। वह एलन क्रेग, मौजूदा कप्तान पैट कमिंस और टॉम गैरेट के बाद बैगी ग्रीन कैप पहनने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएंगे।बाकी प्लेइंग ङ्गढ्ढ का ऐलान क्रिसमस के दिन किया जाएगा, जब कप्तान पैट कमिंस अपनी प्री–मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने मंगलवार सुबह एमसीजी में ट्रेनिंग के दौरान बताया कि कोन्स्टास गुरुवार को भरे हुए स्टेडियम के सामने अपनी कैप प्राप्त करेंगे। इस दिन कोन्स्टास 468वें ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टेस्ट खिलाड़ी बन जाएंगे।कोच मैकडॉनल्ड ने कहा, हम चाहते थे कि टीम मीटिंग से पहले बल्लेबाजी क्रम को लेकर स्थिति स्पष्ट हो। आमतौर पर हम ऐसा नहीं करते, लेकिन इस बार लगा कि टीम को पहले से पता होना चाहिए। कोन्स्टास टीम में भी वैसे ही हैं जैसे बाहर दिखते हैं दृ शांत, संयमित और अपने खेल को समझने वाले।

उन्होंने आगे कहा, कोन्स्टास ने अपने शॉट्स की विविधता और विरोधी टीम पर दबाव डालने की क्षमता दिखाई है। उन्हें मौका मिल रहा है, और हम उनके लिए बेहद उत्साहित हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट सबसे बड़ा मंच होता है, और यह डेब्यू के लिए परफेक्ट मौका है। हालांकि, ट्रेविस हेड का



खेलना अभी तय नहीं है। कोच ने पुष्टि की कि हेड को तीसरे टेस्ट के दौरान बल्लेबाजी करते हुए मांसपेशियों में खिंचाव हुआ था। इसके बावजूद उम्मीद है कि वह मेलबर्न में खेल पाएंगे।पिछले दो टेस्ट मैचों के प्लेयर ऑफ द मैच रहे हेड ने मंगलवार को एमसीजी नेट्स में केवल असिस्टेंट कोच ब्रैड हॉज से थ्रो–डाउन का सामना किया।मैकडोनाल्ड ने कहा, मुझे लगता है कि वह बल्लेबाजी में अच्छे लग रहे थे। उन्हें क्वाड में एक छोटा सा खिंचाव था। वह दौड़ पा रहे हैं। उनके खेलने की उम्मीद है।इस बीच, स्कॉट बोलैंड की साथी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के स्थान पर टीम में आने की संभावना है। हेजलवुड गाबा में पिंडली के खिंचाव के कारण बाहर हो गए थे।हेड कोच ने कहा, हमारे पास अपनी गेंदबाजी में बहुत गहराई है, और (ऑलराउंडर) मिच मार्श पूरी तरह से फिट हैं और गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। लेकिन स्कॉट बोलैंड खेलने के लिए तैयार हैं और मुझे लगता है

# अंडर–19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम घोषित, निकी प्रसाद करेंगी अगुवाई

मुंबई। आगामी महिला विश्व कप के लिए भारत की अंडर–19 टीम का ऐलान कर दिया है। 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व निकी प्रसाद करेंगी। भारत मौजूदा अंडर–19 महिला चौंपियन है और इस बार भी खिताब बचाने का प्रयास करेगा।

एशिया कप विजेता टीम की कप्तान निकी प्रसाद की अगुवाई में टीम इंडिया अपने अभियान को आगे बढ़ाएगी। निकी की कप्तानी में हाल ही में भारत ने मलेशिया के कुआलालंपुर में पहला अंडर–19 महिला एशिया कप खिताब जीता। दिलचस्प बात यह है कि अंडर–19 महिला विश्व कप भी मलेशिया में 18 जनवरी से 2 फरवरी, 2025 तक आयोजित होगा।

2023 में, शैफाली वर्मा की कप्तानी में भारत ने दक्षिण अफ्रीका में हुए पहले अंडर–19 महिला विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था।

एशिया कप की विजेता टीम से वैष्णवी एस को मुख्य टीम में शामिल किया गया है, जबकि नंधना एस को रिजर्व खिलाड़ियों में रखा गया है।

टीम में सानिका चालके उप–कप्तान होंगी, और कमलिनी व भाविका अहीर को विकेटकीपर के रूप में चुना गया है।

टूर्नामेंट में 4 ग्रुप हैं, और हर ग्रुप में 4 टीमें होंगी। भारत को ग्रुप ए में मेजबान मलेशिया, वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ रखा गया है।भारत के ग्रुप मैच कुआलालंपुर के बायुएमास ओवल स्टेडियम में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप स्टेज के बाद हर ग्रुप से 3 टीमें सुपर सिक्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। सुपर सिक्स में 12 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा। ग्रुप 1 में ग्रुप ए और ग्रुप डी की टॉप 3 टीमें होंगी। जबकि ग्रुप 2 में ग्रुप बी और ग्रुप सी की टॉप 3 टीमें शामिल होंगी।सुपर सिक्स में, टीमें अपने पिछले पॉइंट्स, जीत और नेट रन–रेट के साथ आगे बढ़ेंगी। हर टीम सुपर सिक्स में 2 मैच खेलेगी।सुपर सिक्स के दो ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 31 जनवरी, 2025 को होंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 2 फरवरी, 2025 को खेला जाएगा।भारत की टीम रू निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका चालके (उप–कप्तान), जी



तृषा, कमलिनी जी (विकेटकीपर), भाविका अहीर (विकेटकीपर), ईश्वरी आवसरे, मिथिला विनोद, जोशिता वी जे, सोनम यादव, परिणीता सिसोदिया, केसरी दृष्टि, आयुषी शुक्ला, आनंदिता किशोर, एमडी शबनम, वैष्णवी एस रिजर्व खिलाड़ी नंधना एस, इरा जे, अनादी टी

# क्रिसमस का त्योहार के बारे में जानिए इससे जुड़े कुछ रोचक तथ्य

क्रिसमस एक ऐसा त्योहार है, जिसे लोग साल का सबसे खास पर्व मानते हैं। इसे 25 दिसंबर को मनाया जाता है, क्यूंकि इसी दिन यीशु मसीह का जन्म हुआ था।मान्यताओं के अनुसार, इस दिन सांता अपनी हिरणों वाली बग्गी पर सवार
होते हैं और घर–घर जा कर तोहफे बांटते हैं।
इस त्योहार से जुड़े कई ऐसे तथ्य भी हैं, जिनसे
ऐसे ही रोचक तथ्य जानते हैं।



सांता क्लॉज के पास है अपना खास कोड

क्रिसमस से पहले सभी बच्चे अपने पसंदी
और अपने प्यारे सांता को चित्रट्ठी लिखते हैं।
कि ये चिट्ठियां आखिर किस पाते पर जाती
ह0ह0ह0 अंकों वाला अपना एक खास डाक क
पत्र भेज सकते हैं और बदले में सांता का ज

25 दिसंबर को नहीं मनता था क्रिसमस

हर साल 25 दिसंबर को ही क्रिसमस का
हमेशा से ऐसा नहीं था। बाइबिल के अनुसार,
25 दिसंबर थी ही नहीं।रोम में कैथोलिक गिरजा
पर क्रिसमस मनाना शुरू किया था।कुछ लोगों
ने प्राचीन रोम में 25 दिसंबर को होने वाले बु
के लिए इस तिथि को चुना था। सांता मोजे में
हमेशा बच्चों के तोहफों को मोजे के अंदर ही र
ज्यादातर लोगों को नहीं पता है।दरअसल, मोज
संत निकोलस ने शुरू की थी, जो असल में
बच्चियों वाले एक गरीब परिवार की मदद
करने के लिए उनकी चिमनी से सोने के सिक्कों से भरी 3 पोटलियां फेंकी थीं।ये सभी पोटलियां बच्चियों के दीवार पर लटके मोजों में जा गिरी थीं। सांता के कपड़े हमेशा से नहीं थे लाल हमने हमेशा सांता को लाल रंग के कपड़ों और टोपी में देखा है। हालांकि, क्या हो अगर हम आपको बताएं कि वह हमेशा से लाल रंग के कपड़े नहीं पहना करते थे?सालों पहले सांता को अक्सर भूरे, हरे या नीले कपड़ों में चित्रित किया जाता था। थॉमस नास्ट पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने उन्हें लाल कपड़ों में चित्रित किया था।

इसके बाद, 1931 में कोका–कोला के विज्ञापनों में सांता को लाल कपड़ों में दिखाया गया था।

क्रिसमस के लिए नहीं लिखा गया था जिंगल बेल गाना

स्कूल के दिनों से लेकर आज तक क्रिसमस पर लोग जिंगल बेल गाना गाते हैं। हालांकि, यह मधुर गाना क्रिसमस के त्योहार

# क्या केवल नारियल पानी पीने से ठीक हो जाता है हैंगओवर ? आइए जानें इसकी सच्चाई

नारियल पानी को अक्सर हैंगओवर का इलाज बताया जाता है। लोग मानते हैं कि यह शरीर को हाइड्रेट करता है और हैंगओवर के लक्षणों को कम करता है।नारियल पानी में पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को ऊर्जा देने में मदद करते हैं। हालांकि, यह जानना जरूरी है कि केवल नारियल पानी पीने से इस समस्या का समाधान होता है या नहीं।आइए इस लेख के जरिए इस मिथक की सच्चाई जानते हैं।

क्या नारियल पानी है हैंगओवर का इलाज?

नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। यह शरीर में तरल पदार्थ की कमी को पूरा करता है, जिससे आप ताजगी महसूस कर सकते हैं।हालांकि, सिर्फ हाइड्रेशन ही हैंगओवर का इलाज नहीं कर सकता। शराब पीने से सिरदर्द, मतली और कमजोरी जैसी समस्याएं होती हैं।इसलिए, केवल नारियल पानी पीने से सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता और आपको अन्य उपाय भी अपनाने चाहिए।

पोषक तत्वों की कमी

शराब पीने के बाद शरीर में कई पोषक तत्वों की कमी हो जाती है, जिससे कमजोरी और थकान महसूस होती है। नारियल पानी में कुछ विटामिन और मिनरल होते हैं, जो शरीर को थोड़ी राहत दे सकते हैं।हालांकि, यह सभी जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति नहीं कर सकता। इसलिए, संतुलित डाइट लेना भी जरूरी होता है, ताकि शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और आप जल्दी ठीक हो सकें।हैंगओवर के इलाज के वैज्ञानिकों द्वारा बताए गए तरीकेवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नारियल पानी से हैंगओवर के दौरान थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन इसे एकमात्र उपाय मानना गलत होगा।बेहतर होगा कि आप पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, पौष्टिक खाना खाएं और आराम करें, ताकि आपका शरीर जल्दी ठीक हो सके।इसके अलावा,



विटामिन और मिनरल से भरपूर फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। हैंगओवर से बचने के लिए अच्छी नींद लेना भी जरूरी है।

हैंगओवर मिटाने के अन्य उपाय

हैंगओवर से बचने के लिए केवल नारियल पानी पर निर्भर न रहें। इसके साथ पर्याप्त नींद लें, एक्सरसाइज करें और ताजगी देने वाले फलों का सेवन करें।ये सब मिलकर आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे और आपको जल्दी ठीक होने में मदद करेंगे। नारियल पानी अकेले ही हैंगओवर का पूरा समाध ान नहीं हो सकता।इसे एक सहायक उपाय के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है, पर अन्य स्वस्थ आदतें अपनाना भी उतना ही जरूरी है।

# पुष्पा 2 ने लगाई लंबी छलांग, घरेलू बाक्स आफिस पर 1100 करोड़ की ओर बढ़ रही अल्लू अर्जुन की फिल्म

सुकुमार की निर्देशित फिल्म पुष्पा 2रू द रूल अपने तीसरे हफ्ते में प्रवेश कर चुकी हैं. तीसरे वीकेंड में भी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया है. हालांकि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन भगदड़ मामले में कई मुद्दों का सामना कर रहे हैं. इसके बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाए रखी है. सैकनिलक की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 ने अपने तीसरे रविवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1060 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है.सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2रू द रूल ने अपने तीसरे शनिवार को सभी भाषाओं में लगभग 24.75 करोड़ कमाए. वहीं, रविवार को फिल्म के कलेक्शन में इजाफा देखने को मिला. 18वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 33.25 करोड़ रुपये कमाए, जिसके बाद पुष्पा 2 का भारत में कुल 1062.9 करोड़ रुपये हो गया है. इसी के साथ पुष्पा 2 भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. इसने बाहुबली 2 (1030. 42 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है.पुष्पा 2 बाकी भाषाओं की अपेक्षा हिंदी भाषा में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं. हिंदी बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 700 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गई है. मेकर्स के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे शुक्रवार तक हिंदी भाषा में कुल 654 करोड़ रुपये कमाए. वही, सैकनिलक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने 17वें और 18वें दिन क्रमशरू 20 करोड़ रुपये और 26.75 करोड़ रुपये की कमाई की. इस तरफ पुष्पा 2 ने 18 दिनों में भारत में कुल 691.75 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. आने वाले दिनों में निर्देशक कलीस की बेबी जॉन, जिसमें वरुण ध्‍ावन , कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं, रिलीज होने वाली है. यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या एटली की निर्मित नई फिल्म पुष्पा 2 के शो कम कर पाएगी या नहीं.इस बीच, तेलंगाना सरकार के साथ अल्लू



अर्जुन की जुबानी जंग सुर्खियों में बनी हुई है, और ऐसा लगता है कि यह एकमात्र ऐसी खबर है जो पुष्पा 2रू द रूल की शानदार सफलता को फीका कर सकती है .

# एक्शन से भरपूर फतेह का ट्रेलर रिलीज, दोनों हाथों में बंदूक थामे नजर आए सोनू सूद

अभिनेता सोनू सूद अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में रहते हैं। पिछले कुछ दिनों से वह अपनी आगामी फिल्म फतेह को लेकर चर्चा में हैं।यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए सोनू बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। आजकल वह इसी के प्रचार में जुटे हैं।अब आखिरकार फतेह का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सोनू जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की कहानी साइबर क्राइम पर आधारित है। फतेह में जैकलीन फर्नांडिस के साथ सोनू की जोड़ी



बनी है। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ट्रेलर में तमाम सितारों की झलक दिख रही है।फतेह ऑनलाइन धोखाधड़ी और सुरक्षा के विषयों पर आधारित है, जो डिजिटल युग के काले रहस्यों को उजागर करती है।फिल्म के एक्शन दृश्यों को हॉलीवुड तकनीशियनों द्वारा डिजाइन किया गया है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।हाल ही में सोनू ने ऐलान किया था कि वह अपनी इस फिल्म की सारी कमाई दान कर देंगे।उन्होंने कहा था, फतेह देश के लोगों के लिए बनाई गई फिल्म है। हम फिल्म की कमाई को वृद्धाश्रम और अनाथालयों में दान करेंगे। सोनू के इस फैसले ने उनके प्रशंसकों को खुश कर दिया है।अभिनेता को पूरी उम्मीद है कि साइबर क्राइम पर आधारित एक्शन से लबरेज उनकी यह फिल्म दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरेगी।

# बाक्स आफिस पर नाना पाटेकर की वनवास की कमाई में बढ़ोतरी, तीसरे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर पिछले लंबे समय से फिल्म वनवास को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म बीते शुक्रवार 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।फिल्म को समीक्षकों की मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन टिकट खिड़की पर इसे दर्शक नसीब नहीं हो रहे।यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है। हालांकि, तीसरे दिन फिल्म की दैनिक कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, वनवास ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 1.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.85 करोड़ रुपये हो गया है।वनवास ने 60 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 95 लाख रुपये कमाने में सफल रही।इस फिल्म का बजट 30 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

वनवास का निर्देशन गदर 2 के निर्देशक अनिल शर्मा ने किया है। इस फिल्म की कहानी एक पिता और बेटे के रिश्ते पर आधारित है।इस फिल्म में पाटेकर और उत्कर्ष के अलावा खुशबू सुंदर, राजपाल यादव, सिमरत कौर रंधावा, मनीष वाधवा और अश्विनी कालसेकर समेत कई अन्य कलाकारों ने भी अभिनय किया है।बॉक्स ऑफिस पर वनवास का सामना अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 से हो रहा है, जो पहले दिन से धमाल मचा रही है।

# मुफासा द लायन किंग 50 करोड़ के करीब, साउथ सुपरस्टार उपेंद्र की यूआई ने पहले वीकेंड की इतनी कमाई

शाहरुख खान डबिंग फिल्म मुफासारू द लायन किंग और उपेंद्र की निर्देशित फिल्म यूआई मूवी को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 3 दिन हो चुके हैं. दोनों फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का सामना करना पड़ रहा है. इस टकराव के बाद भी मुफासा भारत में अच्छा परफॉर्म कर रही है. उम्मीद है कि यह जल्द ही 50 करोड़ रुपये के आंकड़ा को छू लेगी. वहीं, यूआई मूवी बॉक्स ऑफिस सिंगल डिजिट में कमाई की हैं.सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान की डबिंग फिल्म मुफासा ने ओपनिंग डे पर जहां सिंगल डिजिट में बिजनेस किया, वहीं, शनिवार और रविवार को इसने डबल डिजिट में कलेक्शन किया है. पहले दिन फिल्म ने 8.8 करोड़ रुपये कमाए, जबकि शनिवार और रविवार को क्रमशरू 13.7 करोड़ और 19.16 करोड़ रुपये कमाए हैं.

तीन दिनों में मुफासारू द लायन किंग ने 41.66 करोड़ रुपये कमाए हैं. मुफासा की ये कमाई 2019 की द लॉयन किंग रीमेक से काफी कम है. द लॉयन किंग रीमेक ने अपने शुरुआती वीकेंड में 50 करोड़ रुपये का



आंकड़ा पार किया था. सैकनिल्क के अनुसार, उपेंद्र की फिल्म ने भारत से मात्र 3 दिनों में 18.30 करोड़ रुपये की कमाई की. शुरुआती अनुमान के अनुसार, तीसरे दिन फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. पहले दिन इसने 6.95 करोड़ रुपये कमाए. जबिक, दूसरे दिन फिल्म के कलेक्शन में 19.42 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. शनिवार को फिल्म 5.6 करोड़ रुपये कमाए. वहीं, 3.39 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ फिल्म ने 5.79 करोड़ रुपये कमाए.इस फिल्म का निर्देशन उपेन्द्र ने किया है. जबकि लहरी फिल्म्स और वीनस एंटरटेनर ने इसे प्रोड्यूस किया है. साइंस फिक्शन फिल्म यूआई में उपेंद्र, रेशमा नानाय्या, सनी लियोन, साधु कोकिला और मुरली शर्मा प्रमुख भूमिकाओं में हैं. आने वाले दिनों में मुफासारू द लायन किंग और यूआई को पुष्पा 2 के अलावा सिनेमाघरों में बेबी जॉन का सामना करना होगाय. एटली की निर्मित यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# गौहर खान ने शो लवली लोला को बताया कमाल, टीम के साथ की खूब मस्ती



मनोरंजन जगत की खूबसूरत अभिनेत्री गौहर खान अपने आगामी शो श्लवली लोलाच की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। शो के प्रमोशन में जुटी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर एक से बढ़कर एक पोस्ट साझा कर रही हैं। गोहर ने एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह टीम के साथ खूब मस्ती करती नजर आईं।

सोशल मीडिया पर अक्सर मजेदार पोस्ट साझा करने वाली अभिनेत्री गौहर खान ने इंस्टाग्राम पर एक और मजेदार पोस्ट को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, लोला के साड़ी और लवली लोला का क्रू, दोनों ही कमाल। यूट्यूब पेज पर जल्दी आ रही है। 25 दिसंबर से, जल्दी करो आप।

वीडियो में गौहर खान, क्रेटेक्स, क्रुणाल घोरपड़े के मराठी गाने श्तांबडी चामडीच पर अपनी टीम के साथ थिरकती नजर आईं। इस गाने को क्रेटेक्स–क्रुणाल ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जबकि इसके बोल श्रेयस सागवेकर ने लिखे और गाए हैं।

बिग बॉस विजेता गौहर खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही श्लवली लोलाच में नजर आने वाली हैं। इस शो में गौहर के साथ इशा मालवीय लीड रोल में हैं। गौहर इस शो में 21 साल की मां के किरदार में नजर आएंगी। कॉमेडी से भरपूर इस शो में मां–बेटी के बीच खटपट होती दिखाई देगी।

शो का निर्माण रवि दुबे और शरगुन मेहता ने किया है। शो का प्रोमो हाल ही में रिलीज हुआ है। शो यूट्यूब चौनल ड्रीमियता ड्रामा पर स्ट्रीम होगा। लवली लोला शो का पहला एपिसोड 25 दिसंबर को स्ट्रीम होगा।बता दें कि गौहर खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अक्सर ट्रेंडिंग रील बनाती रहती हैं। अभिनेत्री का इंस्टाग्राम अकाउंट उनकी मजेदार पोस्ट से भरा पड़ा है। हाल ही में गौहर खान ने एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह नीति मोहन–साद लैमजारेड के गाने होमा डोल पर थिरकती नजर आईं थीं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर डांस का वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा था, मुझे साद लैमजारेड और नीति मोहन का नया गाना बहुत पसंद आया था। ट्रेंडिंग रिल्स, होमा डोल। श्होमा डोलच से पहले गौहर कीर्ति सुरेश और वरुण ध्‍ावन स्टारर श्बेबी जॉनच के गाने श्नैन मटक्काच पर अभिनेता करण ग्रोवर के साथ थिरकती नजर आईं थीं।

# आदि साईकुमार के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला तोहफा, फिल्म शम्बाला से फर्स्ट लुक आउट

आदि साईकुमार अपनी युवा मनोरंजन फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं और अब वह अपनी फिल्म शम्बाला के साथ फिल्म प्रेमियों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हो रहे हैं। ए (एड इनफिनिटम) फेम युगंधरा मणि द्वारा निर्देशित यह फिल्म तेज गति से आगे बढ़ रही है। आदि साईकुमार आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं और शम्बाला के निर्माताओं ने फिल्म से उनका पहला लुक जारी करके आदि को शुभकामनाएं दी हैं। पहले लुक में आदि आग के बीच साइकिल



चलाते हुए स्टाइलिश दिख रहे थे और उनकी गहरी आंखें चारों ओर गंभीरता दिखा रही थीं। शम्बाला एक सुपरनैचुरल थ्रिलर है और इसकी टैगलाइन है ए मिस्टिक वर्ल्ड। अर्चना अयेर इस फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जिसमें स्वासिका, रवि वर्मा, मीसाला लक्ष्मण, मधुनंदन अहम भूमिका में हैं। इस फिल्म का निर्माण राजशेखर अन्नाभिमोजू, महिधर रेड्डी ने शाइनिंग पिक्चर्स के बैनर तले भव्य तरीके से किया है। आदि साईकुमार अपनी पिछली फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर असफल होने के बाद से ही इस फिल्म से बहुत उम्मीदें लगाए हुए हैं।

# किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स का ट्रेलर रिलीज

किच्चा सुदीप की बहुप्रतीक्षित फिल्म मैक्स क्रिसमस के दिन सिनेमाघरों में आने वाली है और हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर ने प्रशंसकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर दिया है। पहले इसे सुबह 11रू08 बजे रिलीज करने का कार्यक्रम था, लेकिन ट्रेलर लॉन्च को स्थगित कर दिया गया और चित्रदुर्ग के किच्चना कोटे



में प्री–रिलीज इवेंट के साथ जोड़ दिया गया।

ट्रेलर में सुदीप के किरदार अर्जुन महाक्षय को राक्षस मोड में दिखाया गया है, जो एक ट्रिगरिंग घटना के बाद हिंसा से बदला लेता है। एक्शन से भरपूर ट्रेलर में एक सस्पेंस भरी कहानी को एक ही रात में, शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक के समय में दिखाया गया है। सुदीप ने कथा में रोमांटिक उलझनों से बचने के महत्व पर जोर दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कहानी केंद्रीय कथानक पर केंद्रित रहे। विजय कार्तिकेय द्वारा निर्देशित मैक्स में वरलक्ष्मी सरथकुमार, सुनील, शरत लोहिताश्व, प्रमोद शेट्टी, सुकृता वागले, संयुक्ता हॉर्नड, सुधा बेलावाड़ी और विजय चेंदूर हैं। मैक्स को 2 घंटे और 12 मिनट की अवधि के साथ यूध्ए सेंसर किया गया है। कन्नड़ मूल 25 दिसंबर को कर्नाटक में केआरजी स्टूडियो के सौजन्य से रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु संस्करण 27 दिसंबर को जारी किए जाएंगे। सुदीप के प्रदर्शन और फिल्म की आकर्षक कहानी ने उच्च उम्मीदें जगाई हैं।

# शार्ट ड्रेस पहन जाह्नवी कपूर ने बिखेरा हुस्न का जलवा, एक्ट्रेस की हाटनेस देख यूजर्स ने लूटाया प्यार

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर आए दिन अपनी ग्लैमरस और हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका बोल्ड अंदाज इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद ही सिजलिंग फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

बी–टाउन की खूबसूरत अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हमेशा अपनी ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में भी लोग लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने पिंक कलर की बेहद ही बोल्ड ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई है,

?? जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को पोस्ट हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक लाखों यूजर्स ने लाइक कर दिया है। वहीं, कुछ यूजर्स कॉमेंट्स और रिएक्शंस के जरिए दिलखोलकर अपना प्यार लूटा रहे हैं।

एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है– सो हॉट। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है– बोल्ड एंड ब्यूटिफुल।

तीसरे यूजर ने लिखा है– सो ब्यूटिफुल। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



# श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को योजना के बारे मे जागरूक कराते हुये

ब्यूरो देवरिया

देवरिया,उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकर कल्याण बोर्ड के अंतर्गत सुशासन दिवस सप्ताह के अवसर पर उप श्रमआयुक्त गोरखपुर शक्तिसेन मौर्य द्वारा सुशासन सप्ताह चला कर मजदूरों को विभागो की योजनाओं से जागरूक करने का निर्देश दिये गये हैं! जिस पर श्रम विभाग देवरिया के कार्मिको द्वारा पुराने बसअड्डा ग्राउंड मे चल रहे निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच कर श्रमिकों के हितार्थ चलाई जा रही बिभिन्न योजनाए जैसे मातृत्व शिशु बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, अटल आवासीय विद्यालय योजना, मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, और गंभीर वीमारी सहायता योजना, संत रविदास शिक्षा सहायता योजना आदि संचालित की जा रही हैं!योजनाओं के बारे मे अवगत कराया!पंजीकरण के लिये श्रमिकों का आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो, वर्ष मे 90 दिन का कार्य



प्रमाणपत्र, परिवार का आधार कार्ड लेकर निकट सहज जनसेवा केंद्र से करा सकते हैं! बिभाग के कर्मचारी, विजय मिश्रा, शैलेश सिंह पटेल,सुधाकर पाण्डेय, आनन्द प्रताप शाही, अश्वनी सिंह टिंकू कुमार रावत, दिलीप कुमार यादव उपस्थित रहे!

# मकान में चल रहा था धर्मान्तरण, पांच लोग गिरफ्तार

जौनपुर (आरएनएस )। जिले के मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के फत्तूपुर गांव में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पांच लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से धार्मिक साहित्य व एक बाइक भी बरामद की। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फत्तूपुर गांव में सावित्री इंटर कॉलेज के पास स्थित एक मकान में पिछले कुछ महीनों से धर्मांतरण प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही थीं। हर सोमवार को ईसाई मिशनरी के लोग वहां आकर ग्रामीणों को धर्मांतरण के लिए लालच देते थे। आरोप है कि स्थानीय एक टीम के माध्यम से आसपास के गांवों के भोले–भाले लोगों को बहला–फुसलाकर और धन का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। इस सिलसिले में, बड़गांव गांव निवासी राम आसरे गौतम ने पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि धर्मांतरण कराने वाले लोग उनके पास तीन लाख रुपए का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने की बात कर रहे थे। इसके साथ ही, उन्हें एक ईसाई धर्म की पुस्तक भी दी गई, जिसे उन्होंने वापस कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने राम आसरे



के बेटे को फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी।इस सिलसिले में, बड़गांव गांव निवासी राम आसरे गौतम ने पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देते हुए बताया कि धर्मांतरण कराने वाले लोग उनके पास तीन लाख रुपए का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने की बात कर रहे थे। इसके साथ ही, उन्हें एक ईसाई धर्म की पुस्तक भी दी गई, जिसे उन्होंने वापस कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने राम आसरे के बेटे को फर्जी मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी।पीड़ित ने इस बारे में हिंदू नेताओं से संपर्क किया और पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर छापेमारी की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों के पास से धार्मिक साहित्य बरामद हुई। पुलिस ने बताया कि धर्मांतरण की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# राज्य हज इंस्पेक्टर पद के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। हज यात्रियों की सुविधा के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जानकारी दी है कि सऊदी अरब में हज–2025 के लिए राज्य हज इंस्पेक्टर (जो पूर्व में ष्खादिमुल हुज्जाजष के नाम से जाने जाते थे) के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक उम्मीदवार हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्ंरबवउउपजजमम.हवअ.पद पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 04 जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। प्रत्येक 150 हज यात्रियों पर एक राज्य हज इंस्पेक्टर का चयन किया जाएगा। महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। आवेदक के पास मशीन पठित पासपोर्ट होना चाहिए, जो 15 जनवरी, 2026 तक वैध हो। पुरुष और महिला आवेदकों की आयु 04 जनवरी, 2025 को 50 वर्ष से कम होनी चाहिए, अर्थात उनका जन्म 04 जनवरी, 1975 या उसके बाद हुआ हो। आवेदन के लिए आवेदक का हज या उमराह यात्रा का अनुभव होना चाहिए। जिन आवेदकों ने खादिमुल हुज्जाज के रूप में पिछले चार वर्षों में सेवाएँ दी हैं और जिनका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है, उनमें से 20: को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदक के पास मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक डिग्री होनी चाहिए और वे केंद्र या राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, संवैधानिक संस्थान, या अर्धसैनिक बल के स्थायी कर्मचारी होने चाहिए। अस्थायी, अंशकालिक, संविदा, या तदर्थ कर्मचारी आवेदन के पात्र नहीं होंगे। राज्य हज समिति और स्टेट वक्फ बोर्ड से कुल कोटे का अधिकतम 15: कर्मचारी नामित किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। आवेदक को इंटरनेट और स्मार्टफोन के उपयोग में दक्ष होना चाहिए। आवेदक को सऊदी अरब की गाइडलाइंस के अनुसार सभी आवश्यक वैक्सीन की डोज लगवाना अनिवार्य है। हज यात्रियों की भाषा समझने और बोलने में सक्षम होना चाहिए। अरबी भाषा का ज्ञान रखने वाले आवेदकों को वरीयता दी जाएगी। आवेदक को शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और इसके लिए सरकारी अस्पताल से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। चयनित राज्य हज इंस्पेक्टर को हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेना होगा। राज्य हज इंस्पेक्टर अपने परिवार के किसी सदस्य को हज यात्रा पर ले जाने के पात्र नहीं होंगे। उन्हें सभी सेवाएँ निरूशुल्क देनी होंगी और यात्रियों से किसी प्रकार का वित्तीय लाभ प्राप्त करने की अनुमति नहीं होगी। चयन प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित परीक्षा और साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। सक्षम और समर्पित उम्मीदवारों से आवेदन करने का अनुरोध किया गया है। निर्देशों के अनुसार अपने दायित्वों का निर्वहन न करने वाले हज इंस्पेक्टरों की नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी और अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# अम्बेडकर पर बयान को लेकर बसपा का प्रदर्शन

जौनपुर (आरएनएस )। गृहमंत्री अमित षाह के अम्बेडकर पर दिये बयान को लेकर विभिन्न दलों में रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी प्रकरण को लेकर मंगलवार को बसपा ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने अमित शाह के इस्तीफे की मांग करते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। यह प्रदर्शन बसपा जिलाध्यक्ष संग्राम भारती के नेतृत्व में हुआ कार्यकर्ताओं ने हाथों में बाबा साहब का चित्र लेकर जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया।बसपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में जमीन पर बैठकर अपनी नाराजगी जताई और महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं का कहना था कि अमित शाह द्वारा बाबा साहब के बारे में की गई टिप्पणी ने न केवल डॉ.



अंबेडकर का अपमान किया, बल्कि देशभर के उन करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, जो उन्हें भारतीय संविधान के निर्माता और समाजिक न्याय के अग्रणी के रूप में पूजते हैं। बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के बारे में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की। उन्होंने इस बयान को भारत के महान नेता के प्रति एक घोर अपमान और संविधान के निर्माता के अपमान के रूप में व्यक्त किया। उनका कहना था कि यह बयान भारतीय गणराज्य की नींव को कमजोर करने का प्रयास है, क्योंकि डॉ. अंबेडकर समानता, न्याय और लोकतंत्र के प्रतीक हैं। संग्राम भारती ने यह भी कहा कि एक संवैधानिक पदाधिकारी द्वारा इस तरह के बयान बेहद गंभीर और अपमानजनक हैं। उनके अनुसार, डॉ. अंबेडकर के नाम को कलंकित करने का प्रयास देश की सामाजिक सद्भावना के लिए खतरनाक है। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफा दिलवाने और उनके आपत्तिजनक बयान के लिए सार्वजनिक माफी की मांग करें। यदि सरकार इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो बसपा पार्टी देशभर में जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# छेड़खानी से दहशत , स्कूल जाने से रोकी गई बेटियां

जौनपुर (आरएनएस )। जलालपुर थाना क्षेत्र के पराऊगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में एक गांव का परिवार इन दिनों असुरक्षा और भय की स्थिति में जी रहा है। घर की बेटियों के साथ लगातार छेड़खानी की घटनाओं से परेशान होकर, परिजनों ने उनको स्कूल भेजना बंद कर दिया है। शिकायतों के बावजूद जब पुलिस से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन पीड़ित परिवार अभी भी दहशत में जी रहा है। पीड़िता के मुताबिक, पहली बार यह घटना तब हुई जब परिवार के महिलाएं और बच्चे मेला देखने गए थे। वहां, कुछ स्थानीय मनबढ़ युवकों ने बेटियों के साथ अश्लील हरकत की । इस घटना की शिकायत पराऊगंज पुलिस से की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिणामस्वरूप, अपराधियों का मनोबल बढ़ गया और दूसरी घटना अपराधियों ने तब की जब वह भाई के साथ स्कूल जा रहीं थी कि रास्ते में अपराधियों ने उन्होंने रोककर बदसलूकी की जिससे बेटीयाँ अपने–अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगीं है। अपराधियों पर ठोस कार्यवाही न होने से पीड़ित परिवार का पराऊगंज पुलिस पर विश्वास कम हो गया है। वे भयभीत हैं कि अपराधी भविष्य में उन्हें फिर से परेशान कर सकते हैं।

# अधिशासी अभियंता पर 5 करोड़ घोटाले का आरोप

जौनपुर (आरएनएस)। नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित विद्युत निगम कार्यालय में हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है। निगम में कार्यरत कार्यकारी सहायक (वाबू) ने अधिशासी अभियंता समेत विभाग के कई कर्मचारियों पर मीटर रीडिंग का बिल बढ़ाकर कम करने को लेकर चल रहे हेराफेरी का पर्दाफाश करते हुए पांच महीने में पांच करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। निगम के कार्यकारी सहायक जयप्रकाश यादव ने अधिशासी अभियंता संतोष कुमार पर आरोप लगाया कि वह बिल संशोधित करने को लेकर पैसों की मांग करते हैं। जयप्रकाश ने बताया कि क्षेत्रीय और ग्रामीणांचल के किसानों का बिल मीटर रीडर बढ़ाकर भेजता है। इसे संशोधित या कम कराने जब किसान जाते हैं तो कार्यालय में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर व प्राइवेट कर्मी उन्हें लेकर अधिशासी अभियंता के पास जाते हैं। वहां बिल कम कर जमा करने के नाम पर कमीशनखोरी की जाती है।

# रंजिश में पिटाई से दो महिलाओं सहित चार घायल

जौनपुर (आरएनएस )।लाइनबाजार थाना क्षेत्र के कुड़वा परियावा गांव में दबंगो ने जमीनी विवाद को लेकर एक परिवार के सदस्यों को मारा पीटा। मारपीट में चार लोग घायल हो गये। घायलों में दो महिलाएं हैं। उक्त गांव निवासी गौरव उर्फ गौरी विश्वकर्मा पुत्र वीरेंदर विश्वकर्मा से गांव के अमित सिंह से जमीनी विवाद है।गौरव ने आरोप लगाया कि उसी विवाद को लेकर अमित सिंह,अर्पित सिंह पुत्रगण रामप्रकाश सिंह, मोनू सिंह पुत्र श्रीप्रकाश सिंह,विजय सिंह पुत्र स्वर्गीय श्रीराम सिंह,निवासी कुड़वा परियावा व बबलू यादव पुत्र श्रीराम यादव,तेजबहादुर यादव पुत्र राजधारी यादव, राहुल यादव पुत्र सुबास यादव निवासी दानीपुर ने परिवार के लोगो को जमकर मारा पीटा।साथ ही धमकी भी दिया।मारपीट में वीरेंदर तथा उसकी पत्नी सविता विश्वकर्मा, पुत्री कुमकुम विश्वकर्मा,पुत्र अजय विश्वकर्मा को चोट आयी।वीरेंदर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विद्यालय में बच्चों से पानी मंगाने का आरोप, वीडियो वायरल

जौनपुर (आरएनएस )। विकासखंड जलालपुर के कम्पोजिट विद्यालय लालपुर में बच्चों से पानी मंगाये जाने का मामला चर्चा में है। वायरल वीडियो और फोटो में एक छात्रा को गिलास में पानी ले जाते हुए देखा गया, जिससे यह मामला सामने आया।वीडियो वायरल होने के बाद प्रधान प्रतिनिधि ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री और शिक्षाधिकारी को पत्र भेजकर सहायक अध्यापिका सुनीता यादव पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था। यदि ऐसा हुआ है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# गृह मंत्री के बयान को लेकर दिया ज्ञापन

जौनपुर (आरएनएस )। गृह मंत्री श्री अमित शाह के द्वारा संसद में अपने अभिभाषण में संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर पर दिये गए वक्तव्य के विरोध में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी के द्वारा राज्यसभा संसद में बाबा साहब पर दिया गया वक्तव्य की जितनी भी निंदा की जाए कम है। गृह मंत्री जी के भाषण से देश भर में जबर्दस्त विरोध है । देश चाहता है कि गृह मंत्री जी दिये गए बयान पर माफी मांगे । उन्होंने कहा कि देश के बीस करोड़ दलित समाज बाबा साहब अम्बेडकर को भगवान के रूप में पूजते हैं।

# पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। मंगलवार को नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक देवरिया श्री विक्रान्त वीर द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया गया। कार्यालय मे स्थित विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई की व्यवस्था, बिजली–पानी की व्यवस्था, अभिलेखों आदि का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।




# 300 लोगों को किया गया कंबल वितरण

जौनपुर (आरएनएस )। मर्सी क्लब जलालपुर द्वारा 300 लोगों को कंबल प्रदान कर 500 लोगों को भोजन कराया गया कंबल वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के चेयरमैन डॉक्टर आर पी विश्वकर्मा ने किया व मुख्य अतिथि अपर जिला जज प्रशांत कुमार सिंह रहे । मुख्य अतिथि ने विधिक के संबंध में जानकारी दी और लोगों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत गरीब लाचार एवं आसक्त लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है जिसके लिए उनको कोई शुल्क नहीं देना होता है और उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाता है कार्यक्रम के प्रांतीय अध्यक्ष एजाज अहमद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष क्लब कंबल वितरण रोटी दे पौधारोपण एवं स्वच्छता जागरूकता तथा चुनाव जागरूकता आदि कार्य करती रहती है कंबल लेने आई एक दोनों आंख से आंधी लड़की के लिए क्लब के चेयरमैन ने कहा कि उक्त बालिका के शादी के समय पर क्लब 51000 का मदद करेगी उक्त बालिका के लिए जलालपुर क्लब संरक्षक श्री संकटा प्रसाद गुप्ता ने कहा कि गुप्ता टेंट हाउस के तरफ से समस्त टेंट की व्यवस्था उक्त बालिका के शादी में निशुल्क रहेगी जलालपुर अध्यक्ष बुलंद भारती ने कहा कि बिल्कुल उक्त बालिका की हर संभव मदद की जाएगी कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरु गोपाल सिंह डॉक्टर अकील अहमद, माला सिंह ,राजेंद्र प्रसाद दिलबहार, दिलबहार मोहम्मद सलीम मास्टर मुँगना देवी सरिता अनीता , ऊषा, सरोजा देवी, उमेश यादव , मेनका,रतनलाल मौर्य मिरु अहमद विजय मौर्य अनिल कुमार प्रदीप कुमार प्रेम बहादुर यादव अशोक कुमार संकटा प्रसाद गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# परिश्रम और स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में पहचान

जौनपुर (आरएनएस )। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के तहत छात्रों ने हापुड़ स्थित सर्वकोन सिस्टम्स लिमिटेड के उत्पादन इकाई एवं नोएडा स्थित कंपनी का कॉर्पोरेट कार्यालय का भ्रमण किया । कंपनी अनेक प्रकार की बिजली की उपकरण उत्पादन करती है स इनमे औद्योगिक एवं घरेलु स्टाबिलीजर, ट्रांसफार्मर, सोलर पैनल, यू.पी.एस आदि शामिल है । कंपनी के प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन ने छात्रों को कंपनी के उत्पाद को उत्कृष्ठ बनाने की कई महत्वपूर्ण जानकारी दी स कहा कि कड़ी परिश्रम एवं स्थिरता से ही औद्योगिक जगत में कम्पनियां अपनी पहचान कायम कर सकती है स उन्होंने छात्रों से आह्वान किया की कठिन परिस्थियों में भी अपने मेहनत और लगन से वे अपना कार्य कौशल का छाप छोड़ सकते है । उन्होंने प्रबंध छात्रों को कुशल उद्यामी बनने का भी सलाह दी ।इससे पहले हापुड़ स्थित कंपनी की उत्पादन इकाई में कंपनी के निदेशक मोहम्मद सादिक, ने बिजली के उपकरण के उत्पादन और सेवाओं के निर्माण में व्यावसायिक संगठन और प्रबंधन अवधारणाओं को लागू करने के बारे में विस्तार से बताया स गुणवत्ता प्रमुख वैभव मिश्रा, ने उत्पादन का गुणवत्ता बढ़ाने में सम्पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन,जस्ट इन टाइम,सूची प्रबंधन,कैजेन, बेंचमार्किंग आदि तकनीक का प्रासंगिकता पर विशेष प्रकाश डाला स उत्पादन प्रमुख जगमोहन तोमर ने उत्पादन एवं विप्पनन के अनेक प्रक्रिया पर जानकारी साझा किया स कंपनी के मानव संसाधन प्रबंधक खुशबू जैदी एवं जन संपर्क अधिकारी अखलाक ने छात्रों को ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।व्यवसाय प्रबंध विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि सिद्धांतिक शिक्षा को ऐसे इकाई की भ्रमण से प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ावा मिलता हैं स उन्होने प्रबंध निदेशक हाजी कमरुद्दीन को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया स इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. विशाल कुमार सिंह, समरीन ताबसूम एवं बी.बी.ए के छात्र उपस्थित रहे ।

# अमित शाह के बयान से भारतीयों की भावनायें आहत

जौनपुर। (आरएनएस ) भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर पर अमित शाह द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीओ ने जिला उपाध्यक्ष डॉ0 राकेश उपाध्याय के नेतृत्व मे धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने संसद को डॉ. भीमराव बाबासाहेब अंबेडकर का अनादर करने के लिए एक मंच के रूप में इस्तेमाल किया है। संविधान के रूप में हमारे राष्ट्र के लोकाचार के निर्माण के साथ–साथ दलित समुदाय और अन्य हाशिए के समूहों के सदस्यों के अधिकारों को सुरक्षित करने में डॉ. अम्बेडकरजी का योगदान अतुल्य है और इसे दोहराने की आवश्यकता नहीं है। डॉ. अम्बेडकर के कद और भारत के नागरिकों से उनके प्रति सम्मान को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अमित शाह की टिप्पणियों ने लाखों भारतीयों की भावनाओं को आहत किया है। अब, भारत की संसद में प्रमुख विपक्ष के रूप में, और एक ऐसी पार्टी होने के नाते जो संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में दृढ़ है, हम सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी और केंद्रीय राज्य के प्रमुख से श्री अमित शाह को केंद्रीय गृह मंत्री के पद से तुरंत बर्खास्त करने और उन्हें डॉ. भीमराव बाबासाहेब अम्बेडकर जी के खिलाफ उनकी टिप्पणियों के लिए है।

# पुलिस लाईन सभागार आजमगढ़ में आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम

आजमगढ़रू(आर एन एस ) उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्या दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे पुलिस लाईन सभागार आजमगढ़ में आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समस्याओं को सुनेंगी।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदकध् आवेदिकाओं की समस्याओं के निराकरण के लिए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की तरफ से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय गेस्ट हाउसों में सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ महिला आयोग की सदस्यों द्वारा जन सुनवाई की जायेगी। किसी भी महिला को किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा या अन्य प्रकार की कोई भी समस्या है और उसकी सुनवाई कहीं भी नही हो रही है, तो वह पुलिस लाईन सभागार आजमगढ़ में दिनांक 24 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारम्भ होने वाली जन सुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी समस्या बता सकती हैं, जिससे उसका उचित निराकरण किया जायेगा।

# मारपीट के आरोपीय गिरफ्तार

आजमगढ़ (आरएनएस)निजामाबाद थाने की पुलिस ने मारपीट करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार व



01 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में, वादी चन्दन कुमार पुत्र श्रीलाल निवासी गौसपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ गाँव के एक दुकान पर सामान लेने गये थे तभी निखिल, एक बाल अपचारी और राम प्रकाश उर्फ कार्तिक पुत्र दीन निवासी असनी थाना निजामाबाद आजमगढ शराब के नशे मे बिना किसी विवाद के गाली गुप्ता देते हुये लाठी डण्डा व पत्थर से मारे पीटे व दाँत को तोड़ दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 553/24 धारा 115(2),352,351(3),117(2), 125 ठछै का अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना व अग्रिम कार्यवाही हेतु उ0नि0 चन्द्रजीत यादव को सुपुर्द किया गया।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।